DELHI CRIME 20 june 2022:Layout 1 6/19/2022 6:27 AM Page 1


निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | सोमवार 20 जून 2022 | पीडीएफ अंक-61 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क


**मौसम**

अधिकतम – 34 सूर्योदय – 5 : 23
न्यूनतम – 26 सूर्यास्त – 7 : 21

**सोना चांदी**

साप्ताहिक मुद्रा बाजार बंद

**अर्थसार**

साप्ताहिक शेयर बाजार बंद


**न्यूज फ्लैश**

## प्रधानमंत्री ने की राष्ट्रपति कोविंद से मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से मुलाकात से जुड़ी तस्वीरें साझा करते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि अगले माह देश में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 18 जुलाई को मतदान होगा और 21 जुलाई को नतीजे आयेंगे।

## आप पार्टी ने किया 'अग्निपथ' योजना का विरोध, सरकार पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार पर अग्निपथ योजना को लेकर निशाना साधा है। पार्टी नेता संजय सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को सुरक्षा गार्ड ट्रेनिंग सेंटर बना दिया है। दिल्ली में इस संबंध में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि 100 अग्निवीरों में से 25 को सेना में स्थायी किया ही जाएगा। 4 साल बाद 100 प्रतिशत अग्निवीरों को निकाल के बाहर कर दिया जा सकता है। अग्निवीरों को वापस सेना में भर्ती के लिए दोबारा अप्लाई करना होगा और नियमों के मुताबित सरकार 25 प्रतिशत तक को सेना में स्थायी करेगी यानी सरकार चाहे तो केवल 2 प्रतिशत को ही बहाली दे सकती है। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को पेंशन नहीं मिलेगी, शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा, मेडिकल की सुविधा नहीं मिलेगी और कैंटीन की सुविधा नहीं मिलेगी। वहीं कोई एक दिन का भी सांसद या विधायक बन जाता है तो उसे जीवन भर पेंशन दी जाती है।

## आंदोलन होना चाहिए हिंसा और तोड़फोड़ नहीं, प्रशांत किशोर ने भाजपा-जदयू पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** अग्निपथ योजना के खिलाफ हो रहे हिंसक प्रदर्शनों को लेकर सियासी बयानबाजियां भी जारी हैं। चुनावी रणनितिकार प्रशांत किशोर ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि राज्य जल रहा है और दोनों राज्य 'छींटाकशी' में व्यस्त हैं। खास बात है कि हिंसा के इस ताजा दौर में बिहार सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है। किशोर ने ट्वीट के जरिए हिंसा को गलत ठहराया है। उन्होंने लिखा, 'अग्निपथ पर आंदोलन होना चाहिए, हिंसा और तोड़फोड़ नहीं। बिहार की जनता जदयू और भाजपा के आपसी तनातनी का खामियाजा भुगत रही है। बिहार जल रहा है और दोनों दल के नेता मामले को सुलझाने के बजाए एक दूसरे पर छींटाकशी और आरोप प्रत्यारोप में व्यस्थ हैं।' शनिवार को कई संगठनों ने बिहार बंद का ऐलान किया था। इस दौरान राज्य में जमकर हिंसा देखी गई। खबर है कि पुलिस ने राज्य में अब तक 700 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, घटनाओं को लेकर 138 एफआईआर दर्ज की गई हैं। राज्य के तारेगाना समेत कई रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शनकारियों ने जमकर बवाल किया।

## दिल्ली से बाहर किसी जेल में शिफ्ट होगा महाठग सुकेश चंद्रशेखर


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग और कई लोगों को ठगने के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद 'महाठग' सुकेश चंद्रशेखर की याचिका पर सुनवाई करेगा। सुकेश और उसकी पत्नी ने उनकी जान को खतरे का आरोप लगाते हुए दिल्ली के बाहर किसी जेल में स्थानांतरित करने की मांग की है। ऐसी संभावना है कि केंद्र जस्टिस सी.टी. रविकुमार और जस्टिस सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन बेंच को उन जेलों के नाम बताएगी, जहां चंद्रशेखर और उसकी पत्नी लीना मारिया पॉलोज को स्थानांतरित किया जा सकता है। सुकेश चंद्रशेखर पर अपनी पत्नी लीना के साथ आराम से रहने के लिए तिहाड़ जेल के अधिकारियों को हर पखवाड़े 60 लाख से 75 लाख रुपये रिश्वत देने का आरोप है। उसने जेल में उसकी और उसकी पत्नी की मदद करने के कारण जांच के दायरे में आए जेल अधिकारियों से कथित खतरा होने के कारण दिल्ली के बाहर स्थित किसी जेल में उसे स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध किया है। तिहाड़ जेल में बंद दंपति की ओर से पेश हुईं वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा था कि क्योंकि उससे धन लेने के मामले में कई जेल अधिकारी गिरफ्तार किए गए हैं, इसलिए चंद्रशेखर और उसकी पत्नी को अन्य अधिकारियों से धमकियां मिल रही हैं। वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने अपने मुवक्किलों को अदालत की इच्छानुसार किसी अन्य जेल में स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध किया है। केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने उन जेलों के नाम मुहैया कराने के लिए समय मांगा था, जहां आरोपियों को स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके बाद बेंच ने शुक्रवार को कहा था कि मामले को सोमवार के लिए सूचीबद्ध किया जाता है, ताकि याचिकाकताओं को स्थानांतरित करने के लिए उपयुक्त जेल को लेकर प्रतिवादी (केंद्र एवं दिल्ली सरकार) फैसला कर सकें। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को चंद्रशेखर की सुरक्षा को लेकर 13 मई को आश्वस्त किया था।

# दिल्ली को केंद्र से मिला आधुनिक बुनियादी ढांचे का उपहार : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को प्रगति मैदान एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना की मुख्य सुरंग और पांच अंडरपास राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि आज दिल्ली को केंद्र सरकार की तरफ से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का बहुत सुंदर उपहार मिला है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत में दिल्ली-एनसीआर के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह गलियारा 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुसार प्रगति मैदान प्रदर्शनी क्षेत्र के परिवर्तन का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर की समस्याओं के समाधान के लिए बीते 8 सालों में हमने अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। बीते 8 सालों में दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो सेवा का दायरा 193 किलोमीटर से करीब 400 किलोमीटर तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि दशकों पहले भारत की प्रगति को, भारतीयों के सामर्थ्य, भारत के प्रॉडक्ट्स, हमारी संस्कृति को शोकेस करने के लिए प्रगति मैदान का निर्माण हुआ था। तबसे भारत बदल गया, भारत का सामर्थ्य बदल गया, जरूरतें कई गुणा बढ़ गईं, लेकिन प्रगति मैदान की ज्यादा प्रगति नहीं हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की राजधानी में विश्व स्तरीय कार्यक्रमों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं हों, एक्जीबिशन हॉल हों, इसके लिए भारत सरकार निरंतर काम कर रही है। इतने कम समय में एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर को तैयार करना आसान नहीं था। जिन सड़कों के इर्द-गिर्द ये कॉरिडोर बना है वो दिल्ली की सबसे व्यस्ततम सड़कों में से एक है। ऐसे में इसके निर्माण कार्य में न्यायपालिका के माध्यम से अड़ंगे डालने वालों को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नया भारत है जो समस्या का समाधान करता है। यह एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना प्रगति मैदान पुनर्विकास परियोजना का अभिन्न अंग है। पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना को 920 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य प्रगति मैदान में विकसित किए जा रहे नए विश्वस्तरीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर तक परेशानी मुक्त और सुगम पहुंच प्रदान करना है, जिससे प्रगति मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में प्रदर्शकों और आगंतुकों की आसानी से भागीदारी हो सके। मुख्य सुरंग प्रगति मैदान से गुजरने वाली पुराना किला रोड के माध्यम से रिंग रोड को इंडिया गेट से जोड़ती है। छह लेन में इस विभाजित सुरंग के कई उद्देश्य हैं, जिसमें प्रगति मैदान की विशाल बेसमेंट पार्किंग तक पहुंच शामिल है।

## साइबर सुरक्षा पर आज राष्ट्रीय सम्मेलन, गृहमंत्री शाह होंगे मुख्य अतिथि



**नई दिल्ली।** साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन (साइबर अपराध से आजादी-आजादी का अमृत महोत्सव) आज यहां विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का आयोजन गृह मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। यह सम्मेलन देश में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए व्यापक जागरूकता उत्पन्न करने के प्रयासों का एक हिस्सा है। गृह मंत्रालय में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के समन्वयन में कल आयोजित होने वाले सम्मेलन की तैयारी के लिए 8 जून से 17 जून तक ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के बैनर के तहत साइबर स्वच्छता, साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर सुरक्षा तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पर विभिन्न राज्यों में 75 स्थानों पर भी समारोहों का आयोजन किया था। इस सम्मेलन में अन्य लोगों के अतिरिक्त, केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी, गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा तथा गृह मंत्रालय एवं संस्कृति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के भी भाग लेने की संभावना है।

## अग्निपथ' प्रदर्शनकारी ने रोकी पंजाब के सीएम भगवंत मान की एसयूवी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के काफिले का एक वीडियो ट्वीट किया है। इसमें देखा जा सकता है कि नई सैन्य भर्ती योजना 'अग्निपथ' का विरोध कर रहा युवक सीएम मान से बातचीत करने के लिए आवाज लगाता है, जिसके बाद वह अपना काफिला रोक लेते हैं। वीडियो में सीएम मान पंजाब में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह अपनी प्रोटेक्टेड एसयूवी के सनरूफ में खड़े नजर आ रहे हैं, तभी काले रंग की टी-शर्ट पहने एक शख्स ने उनकी ओर हाथ हिलाता और उनसे बातचीत करने की अपील करता है। जल्द ही काफिला रुक जाता है और वह युवा मुख्यमंत्री के सफेद फोर्ड एंडेवर की ओर दौड़ पड़ता है। वह शख्स मान से हाथ मिलाता है और कहता है कि 'अग्निपथ' को लागू करने से पहले सभी नेताओं को मिलना चाहिए और इस पर चर्चा करनी चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री मान गाड़ी की रूफ से प्रदर्शनकारी का हाथ पकड़े हुए हैं।

उन्होंने जवाब दिया, "अगर सांसद 'अग्निपथ' पर चर्चा करने के लिए मिलते हैं, तो मैं व्यक्तिगत रूप से वहां जाऊंगा। गौरतलब है कि केंद्र में विपक्षी दलों ने बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में सैन्य उम्मीदवारों के हिंसक विरोध की निंदा की है, लेकिन उन्होंने उनकी मांगों का समर्थन किया है कि केंद्र को बातचीत के लिए बैठक करनी चाहिए।

## अग्निपथ योजना पर राजनीति कर रही कांग्रेस: भाजपा




**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि कुछ लोग राष्ट्रनीति को हजम नहीं कर पा रहे हैं, इस पर भी राजनीति कर रहे। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब हमारी वायुसेना के पास विमान नहीं थे, 10 वर्षों तक तबकी कांग्रेस सरकार ने वायुसेना में एक भी विमान नहीं जोड़ा। केंद्र की मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद जब रॉफेल लाया तो इसमें भी कांग्रेस ने राजनीति की। हालांकि, उसका हश्र खुद कांग्रेस को भोगना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब फिर अग्निपथ योजना को लेकर राजनीति कर रही है। पात्रा ने आगे कहा कि कांग्रेस नेतृत्व की संप्रग सरकार के समय रक्षा मंत्री रहे रक्षा मंत्री ए.के. एंटनी का एक ही मंत्र था, कोई काम नहीं, कोई सिरदर्दी नहीं। एंटनी से एक बार पूछा गया कि वे बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर क्यों नहीं बनाते, तो उन्होंने कहा कि जो हमसे ज्यादा शक्तिशाली देश हैं वो बुरा मान जाएंगे इसलिए हम इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बनाते। भाजपा नेता ने कहाकि चार साल बाद 75 प्रतिशत अग्निवीर कहां जाएंगे, उनका क्या होगा। आज इस बारे में तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों ने अक्षरशः समझाया गया है कि उनके लिए सरकार ने किस प्रकार के प्रावधान किए हैं। पात्रा ने कहा किजिस प्रकार सेना की कॉन्फ्रेंस में लेफ्टिनेंट जनरल पूरी ने अग्निपथ योजना को समझाया है। अब इसके विषय में कोई संशय नहीं है। पात्रा ने कहा कि कुछ विषयों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। आज राष्ट्रनीतियों पर भी राजनीति हो रही है और सेना के अधिकारियों को आकर समझाना पड़ रहा है। सेना के अधिकारियों को कहना पड़ रहा है कि आगजनी और हिंसा के लिए इस देश में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर विपक्ष क्या चाहता है। देश में अगर रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांस्फार्म नहीं होगा तो हमारा भारत महान कैसे बनेगा। भाजपा प्रवक्ता ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 घण्टे काम करके रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांस्फार्म के पथ पर चलते हैं, अग्निपथ पर चलते हैं ताकि हमारा देश आगे बढ़ सके, हमारा भारत महान बन सके। लेकिन इस राष्ट्रनीति को कुछ लोग हजम नहीं कर पा रहे हैं, इसपर भी राजनीति हो रही है।

## प्रायोगिक परियोजना के तहत उन्नत किए जाएंगे एमसीडी के 25 स्कूल : सक्सेना



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के स्कूलों में शिक्षण, तकनीकी और भौतिक बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए 25 स्कूलों को प्रायोगिक परियोजना के तहत चिन्हित किया गया है। राज निवास ने एक बयान जारी कर कहा कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एमसीडी के शीर्ष अधिकारियों के साथ अशोक विहार के एच-ब्लॉक में नगर निगम प्रतिभा विद्यालय का दौरा किया। यह दौरा एमसीडी और उसके अधीन संस्थानों को मिशन मोड में नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उनके एजेंडे का हिस्सा था। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने एमसीडी द्वारा संचालित स्कूलों को सर्वोत्तम शिक्षण, तकनीकी और भौतिक आधारभूत संरचना प्रदान करके उच्चतम मानकों पर ले जाने का वादा किया। सक्सेना ने कहा इस उद्देश्य के लिए प्रयोग के रूप में 25 स्कूलों की पहचान की जा चुकी है और वहां जल्द से जल्द काम शुरू किया जाएगा। एमसीडी द्वारा संचालित अन्य सभी शेष स्कूलों में भी धीरे-धीरे काम शुरू किया जाएगा। उपराज्यपाल ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि वह उन्हें एक सक्षम कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने शिक्षकों को लगातार अद्यतन व सक्रिय रहकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि उनके छात्र निजी स्कूलों के विद्यार्थियों की तरह ही मानसिक और अकादमिक रूप से सर्वश्रेष्ठ बनें।

## नए संसद भवन में होगा संसद का शीतकालीन सत्र : ओम बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र नए संसद भवन में होगा। बिरला ने कहा, "हमारा प्रयास संसद के नए भवन में शीतकालीन सत्र शुरू करने का है और नए भवन में आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर साफ दिखाई देगी। तकनीकी और सुरक्षा की दृष्टि से यह नया भवन पुराने संसद भवन से काफी आगे है। लेकिन संसद का पुराना भवन भी इसका हिस्सा रहेगा। ओम बिरला ने कहा कि सदन की प्रोडक्टिविटी काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से सदन की प्रोडक्टिविटी इतनी अधिक रही है कि अब सदन देर रात तक चलता है। बिड़ला ने कहा कि सभी दलों को अपने-अपने नेताओं से भी बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा, "मैं भी समय-समय पर पार्टी नेताओं से बात करता हूं और उनसे कहता हूं कि सदन सुचारू रूप से चले और अनुशासन व मयार्दा बनाए रखी जाए।" बिरला ने कहा कि लोकसभा सचिवालय सांसदों के लिए सूचीबद्ध विधेयकों पर विशेषज्ञों की ओर से ब्रीफिंग सत्र आयोजित कर रहा है। सांसदों को शोध परक जानकारी भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय को और बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किए गए हैं और अब सांसदों के लिए घर पर किताबों की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है। मई में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश के सांप्रदायिक सद्भाव को लेकर 'संदेश' भेजने के लिए पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर नए संसद भवन का नाम रखने की अपील की थी। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी के मुताबिक, नए संसद भवन का निर्माण इस साल अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

# दो दिवसीय दौरे पर आज कर्नाटक जाएंगे पीएम मोदी, कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार से कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे पर जायेंगे। इस दौरान वह कई विकास परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे और मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लेंगे। आजादी का अमृत महोत्सव को योग दिवस के साथ जोड़ते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा 75 केंद्रीय मंत्रियों के नेतृत्व में देशभर में 75 महत्वपूर्ण स्थानों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मोदी मैसूर में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में भाग लेंगे। पीएमओ ने कहा कि योग कार्यक्रम विभिन्न शैक्षिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, कॉर्पोरेट और अन्य संगठनों द्वारा भी आयोजित किए जाएंगे और इसमें देशभर के करोड़ों लोग शामिल होंगे। पीएम मोदी का योग कार्यक्रम ह्यगार्जियन योग रिंगह्व का भी हिस्सा है, जो 79 देशों और संयुक्त राष्ट्र संगठनों के साथ-साथ विदेशों में भारतीय मिशनों की एक संयुक्त कवायद है। पीएमओ ने कहा कि 2015 से, हर साल 21 जून को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया जाता है। इस वर्ष के योग दिवस का विषय मानवता के लिए योग है। पीएमओ ने कहा पीएम मोदी सोमवार को सेंटर फॉर ब्रेन रिसर्च (सीबीआर) का उद्घाटन करेंगे और बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान में बागची-पार्थसारथी मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल की आधारशिला रखेंगे। वह बेंगलुरु में डॉ बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स (बेस) का भी दौरा करेंगे और बेस विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। मोदी राष्ट्र को 150 प्रौद्योगिकी हब समर्पित करेंगे और बाद में 27,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई रेल और सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री मैसूर के महाराजा कॉलेज ग्राउंड में एक सार्वजनिक समारोह में शामिल होंगे, जहां वह नागनहल्ली रेलवे स्टेशन पर कोचिंग टर्मिनल की आधारशिला रखेंगे। मोदी अखिल भारतीय वाक श्रवण संस्थान (एआईआईएसएच) में संचार विकार वाले व्यक्तियों के लिए उत्कृष्टता केंद्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएमओ ने कहा कि वह श्री सुत्तूर मठ और श्री चामुंडेश्वरी मंदिर भी जाएंगे। पीएम मोदी आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मंगलवार सुबह मैसूर पैलेस मैदान में सामूहिक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मोदी बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना (बीएस-।आरपी) की आधारशिला रखेंगे। मोदी भारत के पहले वातानुकूलित रेलवे स्टेशन- बैयप्पनहल्ली में सर एम विश्वेश्वरैया रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। इस रेलवे स्टेशन को लगभग 315 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किया गया है।

## एफएटी संचालित 300 से अधिक स्कूलों पर पाबंदी, कश्मीर के लोगों का भविष्य नष्ट करने का प्रयास : महबूबा



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लाम के अनुषंगी संगठन फलह-ए-आम ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालयों पर पाबंदी लगाना जम्मू-कश्मीर के लोगों के भविष्य को कुचलने के लिए उन पर किया गया एक और अत्याचार है। उन्होंने कहा भूमि स्वामित्व, संसाधनों एवं नौकरियों के बाद अब आखिरी निशाना शिक्षा है। एफएटी द्वारा संचालित 300 से अधिक शिक्षण संस्थानों के परिचालन पर जम्मू-कश्मीर सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग ने रोक लगा दी है। महबूबा ने ट्विटर पर लिखा एफएटी संचालित विद्यालयों पर पाबंदी का यह कदम जम्मू-कश्मीर के लोगों के भविष्य को कुचलने के लिए उन पर किया गया एक और अत्याचार है। भूमि स्वामित्व, संसाधनों एवं नौकरियों के बाद अब आखिरी निशाना शिक्षा है। मुझे यकीन है कि कश्मीरी निश्चित ही इससे उबरेंगे और अपने बच्चों को परेशानी नहीं होने देंगे। स्कूल शिक्षा सचिव द्वारा जारी आदेश में विभिन्न जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को एफएटी संचालित विद्यालयों को जिला प्रशासन के साथ परामर्श के बाद 15 दिनों के भीतर सील करने को कहा गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि इन प्रतिबंधित विद्यालयों के विद्यार्थी वर्तमान सत्र के लिए नजदीकी सरकारी विद्यालयों में दाखिला ले सकेंगे। यह कदम जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी की जांच केआधार पर उठाया गया है। एजेंसी ने इन विद्यालयों पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के अलावा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है।

DELHI CRIME 20 june 2022:Layout 1 6/19/2022 6:27 AM Page 2



# सम्पादकीय

## ग्लोबल इकोनॉमी पर भारी पड़ता रूस यूक्रेन युद्ध

हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार ग्लोबल इकोनॉमी पर रूस-यूक्रेन युद्ध का असर तेजी से दिखाई देने लगा है। एक ओर दुनिया के अनेक देशों के सामने खाद्यान्न का संकट मुंह बाएं खड़ा है तो दूसरी और आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं। कोविड त्रासदी के बावजूद 2021 में जिस तरह से दुनिया के देशों ने आर्थिक मंदी को पटरी पर लाने के प्रयास किए थे, लगता है 2022 के शुरूआती पांच महीनों में ही वह सब धुल गया है। वैश्विक आंकड़ों के अनुसार भारत, अमेरिका, रूस, चाइना, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस, डेनमार्क सहित अधिकांश देशों में इन पांच माह में आर्थिक सुधारों में उल्लेखनीय कमी देखी जा रही है। रूस में सबसे अधिक -12.7 प्रतिशत रिकवरी रेट कम रही है तो भारत और अमेरिका में -1.2 प्रतिशत, डेनमार्क में 2.2, जापान में 1.7, फ्रांस में 1.8, इंग्लैण्ड में 1.1, इंडोनेशिया में 0.5 तो चाइना में 0.7 फीसदी निगेटिव रही है। दरअसल रूस तो सीधे युद्ध से जुड़ा हुआ है, ऐसे में वहां की निगेटिव दर तो साफ है पर अन्य देशों की निगेटिव दर ग्लोबल इकोनॉमी के लिए गंभीर है। दरअसल जब रूस-यूक्रेन में युद्धारंभ हुआ था तब दुनिया ने ही नहीं अपितु रूस ने भी नहीं सोचा था कि यह युद्ध इतना लंबा खिंच जाएगा। रूस ने जिस अति आत्मविश्वास के चलते यूक्रेन से युद्ध की शुरूआत की थी तब उसका जो आकलन था वह पूरी तरह से भरभरा कर उलट गया है। लाख प्रयासों के बाद भी रूस यूक्रेन को सरेंडर नहीं करा सका है और उसका खामियाजा रूस और यूक्रेन के नागरिक तो भुगत ही रहे हैं बल्कि आज सारी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं का निर्यातक देश यूक्रेन आज गेहूं भेजने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में गेहूं को लेकर दुनिया के देश संकट में घिर गए हैं। गेहूं ही क्यों इस युद्ध के कारण खनिज तेल का संकट आ गया है। खाद्य तेल का संकट सबके सामने हैं। दरअसल कहने को यह युद्ध रूस यूक्रेन के बीच हो रहा हो पर इसका प्रभाव ग्लोबल पड़ रहा है। हालांकि यूक्रेन को दुनिया के देशों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है पर यह समस्या का समाधान नहीं है। यूक्रेन में अब तक दुनिया के देशों के 50 से अधिक बड़े नेता जाकर मोरल सपोर्ट दे चुके हैं। वार जोन में फ्रांस के राष्ट्रपति, जर्मनी के चांसलर और इटली के प्रधानमंत्री गए हैं पर समस्या का समाधान कहीं दिखाई नहीं दे रहा। साल 2019 से चले कोरोना संकट ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है। कोरोना के एक के बाद एक आते वेरियंट्स ने बुरी तरह से प्रभावित किया है। लंबे लॉकडाउन के दौर से दुनिया एक तरह से ठहर ही गई। एक समय तो लोग घर में ही बंद होकर रह गए तो आर्थिक गतिविधियों का प्रभावित होना स्वाभाविक है। इतना सबकुछ होने और कोरोना का भय आज भी व्याप्त होने के बावजूद 2021 में दुनिया के देशों ने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास किए और प्रयासों के सार्थक परिणाम भी सामने आए। पर रूस-यूक्रेन युद्ध ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को दूसरी तरह से प्रभावित कर दिया है। मजे की बात यह है कि भारत ने अवश्य तटस्थ रहकर कुछ प्रयास किए हैं, बाकी दुनिया के दिग्गज देशों ने युद्ध के इस संकट को खत्म करने के जिस तरह के प्रयास किए जाने चाहिए थे, वैसे नहीं किए और उसका परिणाम यह रहा कि एक और युद्ध के कारण निरपराध नागरिक शिकार हो रहे हैं तो दूसरी और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सभी देशों पर प्रभाव पड़ रहा है। खाद्यान्नों और तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं। कई देशों की अर्थव्यवस्था तो बुरी तरह से प्रभावित हुई है। दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्ति के कोई आसार भी नहीं दिखाई दे रहे हैं। कहा जाता था कि भविष्य में होने वाले युद्ध दो-चार दिन के युद्ध होंगे पर इसके उलट हालात सामने हैं। अहम की इस लड़ाई में कोई एक देश नहीं अपितु सारी दुनिया प्रभावित हो रही है। दुनिया के विकास की रफ्तार को निगेटिव दिशा में ले जाया जा रहा है। सही मायने में अब हमें अत्याधुनिक कहलाने का हक भी नहीं रह गया है, क्योंकि जिस तरह से विनाश का रास्ता अपनाया जा रहा है उसके परिणाम अच्छे हो ही नहीं सकते। सर्व शक्ति संपन्न समझ रहे इंसानों को कोरोना ने हैसियत बता दी है। घर की चारदीवारी में बंद करके यह बता दिया कि आखिर हो क्या? उसके बावजूद हमारी अकड़ बरकरार है। हांलाकि कोविड वैश्विक महामारी है और उसके आगे इंसान भी बेबस था पर रूस-यूक्रेन का युद्ध तो मानवजनित मानव की महत्वाकांक्षाओं का युद्ध है, जिसे होने न होने देना दोनों देशों के हाथ में होने के बावजूद कुछ भी नहीं किया जा पा रहा है।

## अग्निपथः आज के वक्त की जरूरत



लेखक-आरकेएस भदौरिया /ईएमएस




अग्निपथ योजना राष्ट्रीय रक्षा की यात्रा में एक नए युग की शुरूआत है। इसका सीधा असर रक्षा बलों के साथ-साथ राष्ट्र के युवाओं पर पड़ेगा। ये दोनों ही राष्ट्र के दो अभिन्न स्तंभ हैं। रक्षा मंत्रालय द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब इस योजना की घोषणा हुई तो माननीय रक्षा मंत्री इसकी अध्यक्षता कर रहे थे और मंच को तीनों सेना प्रमुखों द्वारा साझा किया गया था। इस योजना पर समाज के विभिन्न वर्गों ने अपने विचारों,आख्यानों, अलग-अलग संदर्भों में अपनी आशंकाओं के साथ-साथ कई पक्ष-विपक्ष के पहलुओं को भी उजागर किया है।हमेशा विकास करती दुनिया में परिवर्तन ही एकमात्र पहलू है जो निरंतर है। साथ ही, परिवर्तन का प्रतिरोध मानव स्वभाव का एक अभिन्न हिस्सा है जिसे ध्यान में रखने की आवश्यकता है। आगे बढ़ने से पहले आइए योजना की व्यापक रूपरेखा पर एक नजर डालते हैं। सरकारी घोषणाओं के अनुसार अग्निवीर योजना तीनों सेनाओं (नौसेना, थल सेना और वायु सेना) में ऑफिसर्स रैंक से नीचे सिपाही (पीबीओआर) श्रेणी में सभी भर्तियों के लिए नया भर्ती मार्ग होगा। 17.5 वर्ष से 21 वर्ष के आयु वर्ग के योग्य उम्मीदवारों की भर्ती 4 वर्ष की निश्चित अवधि के लिए की जाएगी। चार साल के बाद, सभी अग्निवीरों को अपने संबंधित बलों में नियमित रूप से शामिल होने के लिए आवेदन करने का विकल्प दिया जाएगा। हालांकि,नियमित तौर पर केवल 25 प्रतिशत अग्निवीरों को ही शामिल किया जाएगा। सनद रहे प्रतिरोध के मद्देनजर उम्र पर कुछ संशोधन किए गए हैं। सबसे पहले,आइए रक्षा सेवाओं पर योजना के संभावित प्रभाव पर विचार करें क्योंकि अग्निवीरों के उपयोग और इससे सेवाओं की परिचालन क्षमता और युद्ध क्षमता पर इसके प्रभाव पर सवाल उठाए गए हैं। भारतीय वायुसेना एक प्रौद्योगिकी-केंद्रित आधुनिक वायुसेना है जिसमें सभी लड़ाकू प्लेटफार्मों, उपकरणों के साथ-साथ एक नेटवर्क वातावरण में काम करने वाली हथियार प्रणालियां हैं। भारतीय वायुसेना को समकालीन प्रौद्योगिकी ज्ञान के साथ युवा और अनुकूलनीय लोगों की आवश्यकता है ताकि उन्हें कम से कम समय में उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित किया जा सके। इसके अलावा, जैसे-जैसे उभरती प्रौद्योगिकियां बेहद जल्दी आउटडेटेड भी हो रही हैं और हर गुजरते दिन के साथ इनका दायरा सिकुड़ जाता है, ऐसे में छोटी अवधि के लिए लगातार इंडक्शन लंबी प्रतिबद्धताओं के साथ इंडक्शन की तुलना में अधिक तार्किक हैं।

एक छोटी चार साल की अवधि के बाद उम्मीदवारों के साथ-साथ सर्विसेज को भी निर्णय लेने का विकल्प देती है। पूर्ववर्ती व्यवस्था में ऐसा कोई विकल्प उपलब्ध नहीं था। नतीजन, एक ओर युवाओं का एक वर्ग 15-20 साल की न्यूनतम प्रतिबद्धता के कारण सर्विसेज में शामिल होने के विकल्प का उपयोग करने से आशंकित था, और दूसरी ओर, सर्विसेज को उभरती प्रौद्योगिकियों में वरिष्ठ /उम्रदराज लोगों को फिर से कौशल देने में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। युवा लोगों को बार-बार शामिल करना और लड़ाकों की औसत आयु में कमी सर्विसेज के लिए अच्छी होगी। सैनिकों की औसत आयु में कमी, जिन्हें आमतौर पर भारतीय वायुसेना में वायु योद्धा कहा जाता है, सर्विसेज के लिए एक बड़ा लाभ होगा। वास्तव में प्रशिक्षण की अवधि, पैटर्न और साथ ही मौजूदा प्रणाली की तुलना में अग्निवीरों के पोस्टिंग प्रोफाइल में बदलाव करने की आवश्यकता होगी। रक्षा सेवाएं राष्ट्रीय सुरक्षा के अंतिम गढ़ हैं और किसी को भी सेना प्रमुखों की दृष्टि और योजना पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। सर्विसेज ने अब तक नई योजना के सभी आयामों पर विचार-विमर्श किया होगा जिसमें प्रशिक्षण पैटर्न और परिचालन उपयोग शामिल हैं। किसी भी स्तर पर किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी। भारत के सभी नागरिकों को निश्चिंत होना चाहिए कि रक्षा बल हर बार और हर पहलू में खुद को साबित करेंगे जब भी उन्हें ऐसा करने के लिए कहा जाएगा। अन्य प्राथमिक हितधारक देश के युवा हैं। आइए युवाओं की आकांक्षाओं के साथ-साथ रुचियों पर भी विचार करें। सरकार द्वारा घोषित वित्तीय पैकेज 10वीं या 12वीं पास युवा वयस्कों के लिए सर्वोत्तम कॉरपोरेट्स की पेशकश की तुलना में बहुत अधिक है। नई भर्ती के लिए 30,000 रुपये प्रति माह और इसके अतिरिक्त 9000 रुपये प्रति माह सरकार द्वारा उनकी सेवा निधि के लिए योगदान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, हर साल वेतन में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी। यह रेखांकित करना उचित है कि बोर्डिंग, लॉजिंग, चिकित्सा सुविधाओं आदि अधिकांश दैनिक आवश्यकताओं की देखभाल सर्विसेज द्वारा की जाती है, इसलिए अग्निवीर को इन पहलुओं पर कोई पैसा खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी। चूंकि आय का बहुत कम हिस्सा जीवनयापन की लागत की ओर जा रहा होगा, इसलिए वेतन के अधिकांश हिस्से को बचाया जा सकता है। साथ ही चार साल पूरे होने पर प्रत्येक अग्निवीर को 11 लाख रुपये से अधिक की राशि उसके सेवा निधी खाते के मैच्योर होने पर मिलेगी। आर्थिक लाभ के अलावा यह योजना युवाओं की अन्य आकांक्षाओं को भी पूरा करेगी जिसमें गर्व, स्वाभिमान और कौशल विकास के साथ-साथ नई एनईपी 2020 के अनुरूप शैक्षिक योग्यताएं शामिल हैं।


जैसा कि शिक्षा मंत्रालय पहले ही एनईपी 2020 ला चुका है। यूजीसी और इग्नू इसके जरिए अग्निवीरों के लिए उनकी शैक्षिक योग्यता को उन्नत करने की व्यवस्था और विकल्प तैयार करेंगे। इससे उन लोगों की दूसरी पारी सुगम बनेगी जो सर्विसेज द्वारा नियमित नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में इन युवा और कुशल नागरिकों को शामिल करने के लिए गृह मंत्रालय पहले से ही एक योजना शुरू करने की प्रक्रिया में है। उनके पास सरकारी क्षेत्र, उद्योग, आईटी क्षेत्र के साथ-साथ कॉर्पोरेट जगत में एक अच्छी नौकरी की तलाश करने या अपनी सेवा निधि का उपयोग करके अपना खुद का उद्यम शुरू करने के विकल्प भी होंगे।

आखिर में अग्निपथ योजना का राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान रहेगा। अनुशासन, ईमानदारी, जोश, एस्प्रिट डी कोर, स्वयं से पहले सेवा, युवा और प्रभावशाली दिमाग में राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण के गुणों का समावेश कई मायनों में राष्ट्र निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण गेम चेंजर होगा। मेरी राय में, यह योजना सेवाओं के साथ-साथ राष्ट्र के युवाओं के लिए एक जीत की स्थिति है और उच्च स्तर पर राष्ट्र निर्माण में इसका योगदान अभूतपूर्व होगा।

## आज का कार्टून।




## सृष्टि के रहस्य सदियों से अदृश्य



लेखक-हृदयनारायण दीक्षित /ईएमएस

सृष्टि रहस्यपूर्ण है। इसका एक भाग प्रत्यक्ष है। शेष अदृश्य है। प्रत्यक्ष भाग के सहारे अप्रत्यक्ष को जानने के प्रयास जारी हैं। अणु परमाणु की गति के अध्ययन भी चल रहे हैं। सृष्टि उद्भव का आदितत्व प्राचीन दार्शनिकों के लिए जिज्ञासा का विषय रहा है। यूनानी दर्शन के पितामह थेल्स (ई.पू. लगभग 600 वर्ष) ने जल को आदि तत्व बताया था। विकासवादी सिद्धांत में चार्ल्स डारविन ने भी सृष्टि का उद्भव जल से ही बताया था। ऋग्वेद में ह्यसृष्टि के प्रत्येक अंश को जन्म देने वाली जलमाताएं हैं। जलमाता का विचार महत्वपूर्ण है। कुछ विद्वान अग्नि को आदितत्व मानते थे। हिराक्लिटस का विचार यही था। ऋग्वेद में अग्नि भी बड़े देवता हैं। यूनानी दार्शनिक अनकसीमेनस वायु को आदितत्व मानते थे। कठोपनिषद में अग्नि के साथ वायु को भी मूलतत्व बताया गया है- 'यह अग्नि सभी भुवनों में प्रविष्ट होकर रूप-रूप प्रतिरूप होता है।' इसी तरह वायु के लिए कहा गया है- 'यह वायु सभी भुवनों में प्रविष्ट होकर रूप-रूप प्रतिरूप होती है।' रूप नाम भिन्न-भिन्न हैं। इनके भीतर अग्नि या वायु मूलतत्व उपस्थित हैं। वायु सूक्ष्म है। सुमेरी सभ्यता में मान्यता है कि पहले धरती और आकाश एक साथ जुड़े थे। ऋग्वेद में भी यही बात कही गई है कि पहले धरती आकाश मिले हुए थे। पृथ्वी और आकाश पहले एक थे। ऋग्वेद में दोनो का साझा नाम 'रोदसी' है। ऋग्वेद (प्रथम मंडल, सूक्त 185 मंत्र 5) में द्यावा पृथ्वी मिले हुए हैं। अलग होने के बाद पृथ्वी माता हैं। द्यावा पिता हैं। दोनों ने वायु को जन्म दिया। धरती और आकाश को मरुद्गणो-वायु ने अलग किया। जैसे वैदिक चिंतन में पृथ्वी और आकाश पहले मिले हुए थे, साझा नाम रोदसी था वैसे ही सुमेरी सभ्यता में धरती आकाश का साझा नाम है-अनकि। 'लिल' ने धरती आकाश को अलग किया। वायु सूक्ष्म है, स्पर्श में आते हैं, लेकिन दिखाई नही पड़ते। वायु की भूमिका महत्वपूर्ण है। वे पांच महाभूतों में एक है। छान्दोग्य उपनिषद में वायु की महत्ता पर सुंदर कथा है। जानश्रुति के पुत्र का पौत्र श्रद्धालु राजा था। एक दिन वह सायं गर्मी के कारण छत पर बैठा था। उसी समय उधर से कुछ हंस उड़ते हुए निकले। एक हंस ने दूसरे से कहा- 'देख! जानश्रुति पौत्रायण का यश तेज घुलोक के सामान फैल रहा है। उसे स्पर्श न कर। वह तुझे भस्म कर देगा।' इस कथा में हंसों का संवाद है। हंस ज्ञान का प्रतीक पक्षी है। उनका संवाद दो समझदारों की ज्ञान वार्ता है। इसका जीवन में महत्व है। संवाद का विषय दार्शनिक है। सुबोध है। एक हंस की दृष्टि में जानश्रुति पौत्रायण का यश दूरगामी था। दूसरे हंस ने राजा पौत्रायण के यश को सीमित बताया और कहा- 'तू किस महत्व से युक्त रहने वाले इस राजा के प्रति सम्मानित वचन कह रहा है? क्या तू इसे गाड़ीवान रैक्व के समान बताता है?' पहले वाले हंस ने पूछा-' यह गाड़ीवान रैक्व कैसा है? दूसरे ने उत्तर दिया 'प्रजा सत्कर्म करती है। वह गाड़ीवान रैक्व को मिल जाते हैं। रैक्व ज्ञानवान है।' शंकराचार्य के भाष्य के अनुसार 'लोक में प्रजा तमाम शोभन कार्य करती है। समस्त प्राणियों के धर्मफल उसके धर्मफल हो जाते हैं।' जानश्रुति पौत्रायण ने हंसों की बात सुनी। राजा ने गाड़ीवान रैक्व को खोजने के निर्देश दिए। सेवक खोजने में विफल रहा। राजा ने सेवक से कहा- 'जहां एकान्त वन, नदी तट आदि स्थानों पर ब्रह्मवेत्ता की खोज की जाती है, वहां रैक्व की खोज कर।' इसी खोज में उसने दाद खुजला रहे रैक्व को देखा और कहा-' भगवन क्या आप ही गाड़ी वाले रैक्व हैं? रैक्व ने उत्तर दिया- 'मैं ही रैक्व हूं।' सेवक राजा के पास लौट आया। उत्तर वैदिक काल के राजा पशु-पक्षियों की टिप्पणी को भी महत्व देते हैं। हंस पक्षी है। इस प्रसंग में हंस मनुष्य भी हो सकते हैं। बहुत संभव है कि राजा पर टिप्पणी करने वाले ऋषि ने मनुष्यों के लिए हंस का प्रतीक प्रयोग किया होगा। राजा जानश्रुति पौत्रायण रैक्व से मिलने को बेताब था। वह छह सौ गायें, एक हार, रथ और तमाम सामग्री लेकर रैक्व के पास गया। उसने निवेदन किया- 'यह संपदा आप स्वीकार करें। मुझे आप उस देवता का उपदेश कीजिए जिसकी उपासना आप करते हैं।' ज्ञान प्राप्ति के लिए विनम्रता जरूरी है।

## आभार जताना सीखो



मेरी एक संत मित्र थीं विमल। गर्मी के दिन थे और हम लोग गंगा तट पर बैठे हुए थे। गंगा तट पर बैठने से बड़ी ठंडी हवा लग रही थी। यूं तो बहुत गर्मी थी। अचानक से उन्होंने अपने झोले से आम निकाले और आम उन्होंने गंगा जी में उतार दिए ताकि ठंडे हो जाएँ और जब ठंडे हो गए तो उन्होंने एक मुझे दिया एक स्वयं लिया। उन्होंने आम हाथ में पकड़ा है और आम को देखती जा रही हैं। देखते-देखते उन्होंने कहा, 'यह आम का पेड़ जाने किस किसान ने कब बोया होगा, कितने पेड़ मर-मरा जाते हैं। चलते ही नही लेकिन यह पेड़ चलता रहा। सब झेल गया, आंधी तूफान सब झेल गया। मरा नहीं स्वस्थ रहा। अभी वह बड़ा हुआ। अभी उस पर बौर आए। फिर उस पर फल लगे और जाने कितने ही बार इस पेड़ पर कितने ही फल लगे होंगे और जाने किस-किसने खाए होंगे। लेकिन यह एक आम उतरा, टोकरी में गया। टोकरी से मंडी, मंडी से ट्रेडर, ट्रेडर से रीटेलर। और फिर अंत में रेहड़ी वाले के पास इतने आम थे, पर मैंने चुन कर कुछ आमों को निकाला और गंगा तट पर ये जो आम लाई हूं और उनमें से एक आम आपको दे दिया। पर यह आम मेरे हिस्से में आया। तो यह आम मुझ तक कितनी लम्बी यात्रा कर के आ रहा है।' भावविभोर हो कर विमल ने कहा कि परमात्मा ने इस फल को खासम-खास मेरे लिए ही उगाया था। इसको मैं कहती हूं- संवेदनशील होना। 'इतने खेत, इतने पेड़, इतने आम, इतने रीटेलर, इतने रेहड़ी वाले, करोड़ों आम निकलते हैं। पर उन करोड़ों आमों में से यह एक छंट कर मुझ तक पहुंचा। भगवान ने खासम-खास यह आम मेरे लिए उगाया है तो यह तो परमात्मा का प्रसाद है' और वह आम से ऐसे बात कर रही थीं जैसे आम उसकी बात को सुन रहा हो। और उस आम से कहती हैं, 'जब मैं तुम्हें खाऊंगी तो बहुत रस लेकर खाऊंगी और जब तू मेरे भीतर जाएगा तो तू मेरे भीतर ईश्वरीय प्रेम को और जगा देगा। ईश्वर ने प्रसाद भेजा है और इस ईश्वरीय प्रसाद को खा कर (क्योंकि जो अन्न हम खाते हैं उससे न केवल हमारा शरीर बनता है बल्कि हमारे मन का भी तो निर्माण इसी से होता है) मेरे मन में ईश्वरीय प्रेम निश्चित तौर पर बढ़ेगा। तो वह आम से प्रार्थना कर रही हैं कि, 'जब तू मेरे भीतर जाए तो मेरे भीतर प्रेम बढ़े। जिस प्रभु ने तेरे शरीर को बनाया है मेरे शरीर के लिए, तो जब तू मेरे भीतर जाए तो उस ईश्वर के प्रति मेरे प्रेम को और गहरा कर देना।' खयाल रहे, कोई अकलमंद आदमी इस कहानी को सुने तो शायद कहे कि यह औरत तो पागल लगती है, आम से बात कर रही है। वह पेड़, फल से चर्चा नहीं कर रही है, उस आम के भीतर भी मौजूद भगवत्ता को और अपने भीतर भी उस भगवत्ता को महसूस करते हुए अपने मन को उस स्तर तक ले जाने की कोशिश कर रही है, जहां छोटे से छोटा काम भी ईश्वर स्मरण के बगैर नहीं किया जा रहा। छोटी-छोटी बातें है, ध्यान से सुनना। कुछ खाने लगो तो उसे याद करो। 'लुढक जाते हैं प्याले होंठों तक आते हुए भी।' यह जरुरी नहीं कि जो जाम भरा हुआ हो वह तुम्हारी प्यास बुझाए भी। 'छलक जाते हैं प्याले होंठों तक आने पर भी', भरा तुमने जाम, भरा तुम्हें अपने लिए कुछ पदार्थ पीने का और तुम लाए होंठों तक और हाथ हिल गया तो अपने ही ऊपर गिर गया। तुमने बड़े मजे से खीर बनाई और कटोरी में डाली और इतने में एक उड़ती हुई मक्खी आई, उसे खीर बहुत पसंद आई और वह उसी में बैठ गई। बैठ गई तो उड़ ही नहीं पाई। जब तुमारी नजर पड़ी तो होंठों तक आते आते वह खीर फेंकनी पड़ी। कुछ भी खाएं, खाने से पूर्व धन्यवाद करें, स्मरण करें। चलें या किसी को मिलें, सोएं या सोकर जगें, स्नान करें, वछा पहनें, हर कर्म में ईश्वर का स्मरण साथ चलता रहे। गन्दी आदतें भी सीखी हैं न तुमने, तो यह भी सीखो। किसी ने दिया कुछ तुम्हें, तुम गप से खा गए। किसी ने कुछ कपड़ा भेंट किया तो उसमें भी खोट निकाल दिया। प्रशंसा करना सीखो। 'जो है सो बहुत अच्छा' कहना सीखो। 'जो हो रहा है अच्छा हो रहा है' कहना सीखो। कहने से भी अधिक आवश्यक है कि तुम उसे महसूस करना सीखो।

## नेताओं पर नकैल : अब आयोग के माध्यम से चुनाव सुधार की पहल....?



लेखक-ओमप्रकाश मेहता (ईएमएस)




अब आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारतीय चुनाव आयोग अब तक चली आ रही चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर कुछ अहम् अधिकारों की मांग कर रहा है। हाल ही में चुनाव आयोग ने केन्द्रीय कानून मंत्रालय को आधा दर्जन सुझाव भेजे है, ये सुझाव मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में सुधार को लेकर है। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने केन्द्रीय कानून मंत्रालय को चुनाव सुधार के छः अहम् सुझाव भेजे है, इन सुझावों में अब एक उम्मीदवार एक ही सीट से प्रत्याशी, ओपीनियन एग्जिट पोल पर नियंत्रण, मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के साथ आयोग ने राजनीतिक दलों के पंजीकरण रद्द करने का अधिकार भी मांगा है। आयोग ने अपने हर सुझाव के बारे में कुछ तथ्य व दलीलें भी पेश की है, यह सुझाव कानून मंत्रालय के विचाराधीन है। अब यह तो तय है कि देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृष्य में चुनाव आयोग को बिना ह्यह्यऊपरह्लह्ल से इशारा मिले राजनीति से जुड़े ऐसे प्रस्ताव भेजने की आयोग की हिम्मत तो हो नहीं सकती, अतः यही कहा जा सकता है स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही मौजूदा चुनावी प्रक्रिया में सुधार चाहते है और वे यह कार्य संवैधानिक मयार्दा में रहकर चुनाव आयोग के माध्यम से पूरे करना चाहते है, शायद उनकी इसी भावना को मूर्तरूप देने के लिए चुनाव आयोग ने अपनी तरफ से ये सुझाव केन्द्र सरकार के कानून मंत्रालय को भेजे है और कोई आश्चर्य नहीं होगा कि केन्द्र सरकार इन प्रस्तावों पर अपनी मंजूरी की मोहर लगाकर तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अगले चुनावों के पहले इन्हें लागू भी कर दे? यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-33 (सात) में संशोधन का अनुरोध किया है ताकि एक उम्मीदवार कितनी सीटों से चुनाव लड़ सकता है, उसकी संख्या को सीमित किया जा सके। आज देश में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 लागू है जो किसी भी व्यक्ति को दो निवार्चिन क्षेत्रों से मुख्य या उपचुनाव में उम्मीदवारी की अनुमति देता है, उल्लेखनीय है चुनाव आयोग ने वर्ष 2004 में भी जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 33(7) में संशोधन का प्रस्ताव रखा था, जो आज अठारह साल बाद भी केन्द्रीय कानून मंत्रालय के विचाराधीन है, अब पुनः नए सिरे से भारतीय चुनाव आयोग ने केन्द्र सरकार से ईशारा पाकर ये सुझाव फिर से केन्द्रीय कानून मंत्रालय को भेजे है और आयोग उम्मीद कर रहा है कि इन सुझावों को केन्द्र की मंजूरी और आवश्यक कानूनी खानापूर्ति के बाद यथाशीघ्र लागू कर दिया जा सकेगा। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग इन सुझावी कदमों के माध्यम से अपनी चुनावी प्रक्रिया सरल करना चाहता है, नेताओं के एकसाथ दो सीटों से चुनाव लड़ने का नियम वह उम्मीदवारों की भीड़ कम करने के लिए खत्म करना चाहता है। चुनाव आयोग के एक अन्य सुझाव वोटर कार्डको आधार कार्ड से लिंक करने के सुझाव के पीछे फर्जी मतदान रोकने की धारणा है, क्योंकि आज हर चुनाव में फर्जी मतदान की शिकायतें आम हो गई है। आयोग के सुझावों में एक अहम् सुझाव ओपीनियन व एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाने का भी है, उसकी धारणा है कि इस प्रक्रिया के चलते चुनाव परिणामों की अधीकृत घोषणा के पूर्व राजनीतिक विद्वेष और आपसी मनमुटाव की स्थिति हर कहीं पैदा होती है, इसलिए इस प्रक्रिया पर भी अंकुश लगाया जाना चाहिये। इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों के साथ चुनाव आयोग ने एक सुझाव के माध्यम से केन्द्र से यह अधिकार मांगा है कि वह निष्क्रीय और उम्मीदवार खड़े नहीं करने वाले छुटभैया राजनीतिक दलों के पंजीकरण भी रद्द कर सके। ये छोटे और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की संख्या चुनावों के पूर्व कुकुरमुत्तों की तरह बढ़ जाती है और चुनाव के समय से समर्थन का नाटक खेल कर काफी धन जमा करने का प्रयास करते है और चुनाव आयोग पर रौब झाड़ने का प्रयास करते है, इसलिए चुनाव आयोग ने केन्द्रीय कानून मंत्रालय से ऐसे राजनीतिक दलों को पंजीकरण खत्म करने का अधिकार मांगा है, जिससे कि राजनीतिक क्षेत्र में शुद्धता लाई जा सके। इन प्रस्तावों के साथ ही चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को दो हजार रूपए से अधिक मिलने वाले दान की जांच का भी अधिकार मांगा है जिससे कि चुनावी दौर में पैसे का खेल खत्म हो सके और देश के करोड़-अरबपति इस दान की एवज में आयकर में छुट हासिल न कर पाऐ। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने नए मतदाताओं के पंजीकरण से जुड़े चार कट ऑफडेट के नियमों को भी जल्द अधिसूचित करने का प्रस्ताव भी केन्द्र को भेजा है, जो पिछले साल दिसम्बर में राज्यसभा से पारित भी हो चुका है। अतः अब कुल मिलाकर यदि यह कहा जाए कि केन्द्र सरकार व चुनाव आयोग मौजूदा चुनाव प्रक्रिया के कथित दोषों को दूर करने की दिशा में सक्रिय हुए है, तो कतई गलत नहीं होगा।

# मंत्री मूलचंद शर्मा ने बच्चे को ड्रॉप पिला किया पोलियो अभियान का शुभारंभ



**फरीदाबाद, (हि.स.)।** कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में लगभग पौने चार लाख जीरो से पांच साल के सभी बच्चों को पल्स पोलियो रोधी ड्रॉप पिलाई जाएगी। मूलचंद शर्मा ने रविवार को बल्लभगढ़ के नागरिक अस्पताल से नन्हे बच्चे को ड्रॉप पिला कर अभियान की शुरूआत की है। इस दौरान जिला के सिविल सर्जन डॉक्टर विनय गुप्ता सहित अन्य डॉक्टर्स और नर्सिंज तथा पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे हैं। परिवहन मंत्री ने कहा कि पोलियो जैसी खतरनाक बीमारी का खात्मा करने के लिए देश और प्रदेश में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जा रही है। यह पल्स पोलियो ड्राप अभियान 3 दिन तक चलेगा। आज फरीदाबाद जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में1565 बूथों पर 2 बूंद जिंदगी की यह खुराक पिलाई जाएगी। उसके बाद सोमवार और मंगलवार को घर घर जाकर नन्हे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सेक्टर- 3 के सरकारी अस्पताल एफआरयू -2 में भी पहुंचकर पल्स पोलियो ड्रॉप नन्हे बच्चों को पिलाई। उन्होंने कहा कि यह ड्रॉप्स बच्चों को बहुत बड़ी बीमारी से बचाव के लिए जरूरी है। पोलियो बीमारी बड़ी तेजी से एक से दूसरे बच्चों में फैलती है। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी और कर्मचारी की जो ड्यूटी सुनिश्चित की गई है, वह इस कार्य को गंभीरता से करना सुनिश्चित करेंगे। पोलियो ड्रॉप्स, ईट भट्टों, झुग्गी झोपडिय़ों सहित तमाम स्थानों पर जाकर माइग्रेट फैमिली व कंस्ट्रक्शन साइटों सहित घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाना सुनिश्चित करेंगी। पोलियो अभियान के नोडल अधिकारी डॉक्टर रचना ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिला में जीरो से 5 वर्ष के 374333 बच्चे हैं। इनको पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिए स्वास्थ्य तथा अन्य विभाग के कर्मचारियों की 2001 टीमें बनाई गई है। वे टीमें 681598 घरों में भी दस्तक देकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाना सुनिश्चित करेंगी। इसके लिए विभाग ने 1565 बूथ बनाए गए हैं और 2001 टीमों में 4958 कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 173 ट्रांजिट टीमें और 179 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। इस मौके पर डॉक्टर मान सिंह, डिप्टी सीएमओ डाक्टर गजराज, डॉक्टर तरुण शर्मा, के अलावा सेक्टर- 3 के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 90 साल की मूर्ति देवी को बूथ पर लाने वाले सारथी बने ललित सिवाच

**– नैतिक दायित्व कि दिव्यांगों, वृद्धों को मदद करें: उपायुक्त ललित**



**सोनीपत, (हि.स.)।** जीवन के सफर में और चुनावी समर में काफी कुछ नया देखने को मिलता है, मानवीय सदभावनाओं की जीवंत तस्वीर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित सिवाच ने हरियाणा निकाय चुनावों में प्रस्तुत की। रविवार को कुंडली में चुनाव के दौरान एक नेत्रहीन वृद्ध महिला मतदाता को मतदान करने में मदद दी। सिवाच ने वृद्ध महिला के लिए व्हील चेयर मंगवाकर उस पर बिठाया उनके बूथ में मतदान के लिए पहुंचाया। साथ ही उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को से कहा कि बुजुर्गों व दिव्यांगों की मदद करना उनका नैतिक दायित्व भी है और ड्यूटी भी है। निकाय चुनावों के अंतर्गत नगर पालिका कुंडली में मतदान का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंडली में स्थापित बूथ नंबर-8, 9, 10, 11 व बूथ नंबर-12 का निरीक्षण किया। यही पर नेत्रहीन 90 वर्षीय मूर्ति देवी को व्हील चेयर पर बैठाया उनके बूथ पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में इस आयु में भी मूर्ति देवी अपने मताधिकार का प्रयोग कर रही हैं। नगर पालिका कुंडली व गन्नौर और नगर परिषद गोहाना में बुजुर्गों तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। यह सुविधाएं बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को तुरंत उपलब्ध करवाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए विशेष रूप से अलग से स्टाफ की व्यवस्था भी की गई है। ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदसार को निभाएं। इनके साथ में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग तथा नगर पालिका कुंडली की निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) शशि वसुंधरा आदि साथ रहे। सोनीपत कुल वोट 90396 कुल बूथ 102 हैं। गन्नौर बूथ 35 वोट 32656, गोहाना बूथ 51 वोट 46955 कुंडली बूथ 16 वोट 10785 हैं।

# लीज की दुकानों को फ्री होल्ड करके दुकानदारों को सौंपे मालिकाना हक

**-विधायिका ने 33 दुकानदारों को सौंपे मालिकाना हक के कागज**



**फरीदाबाद, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री मनोहरलाल की लीज की दुकानों को फ्री होल्ड करने की घोषणा के अंतर्गत बडखल की विधायिका श्रीमती सीमा त्रिखा ने रविवार को फरीदाबाद नगर निगम के कांफ्रेंस हाल में फरीदाबाद के 33 दुकानदारों को मालिकाना हक के कागज सौंपे। सीमा त्रिखा ने इस अवसर पर दुकानदारों के चेहरे पर रौनक लौटाते हुए कहा कि वर्ष 2015 से फरीदाबाद के लगभग 1500 दुकानदारों की मांग पर अथक प्रयास करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने लीज की दुकानों को फ्री होल्ड करने का निर्णय लेते हुए समस्त हरियाणा में लीज की दुकानों को फ्री होल्ड करने की पॉलिसी को वर्ष 2021 में हरी झंडी देते हुए दुकानदारों की लगभग 3 दशक पुरानी मांग पूरी की है। इस पॉलिसी के आने के बाद से आज तक 64 दुकानदारों को मालिकाना हक के कागज सौंपे जा चुके हैं। सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा सरकार एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों की सराहना की है और अन्य राज्यों को हरियाणा की पारदर्शी एवं जनहितकारी नीतियों को लागू करने की बात की है। इतना ही नहीं केन्द्र सरकार द्वारा जो स्वामित्व योजना पूरे देश में रेहड़ी पटरी वालों के लिए लागू की गई है। यह योजना हरियाणा सरकार द्वारा लीज की दुकानों को फ्री होल्ड करके, दुकानदारों को मालिकाना हक दिलाने से जुड़ी हुई है। इस योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण भारतवर्ष में रेहड़ी पटरी वालों को विभिन्न स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाकर उनकी आजीविका को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। इस मौके पर सीमा त्रिखा ने कहा कि जिन व्यापारियों ने इस योजना के अंतर्गत अभी तक आवेदन नहीं किया है। वह सभी लोग एवं दुकानदार अपने कागजों को पूर्ण करके रखें, ताकि इस पॉलिसी का पोर्टल खुलने पर उन सभी दुकानदारों को भी मालिकाना हक मिल सके। इस मौके पर उपस्थित लाभार्थियों ने पॉलिसी को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। सीमा त्रिखा का उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद किया।

# सरकार अग्निपथ योजना रद्द करे: राहुल गर्ग



**यमुनानगर, (हि.स.)।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल युवा इकाई के प्रदेश प्रभारी राहुल गर्ग ने रविवार को व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अग्निपथ योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा मात्र 4 साल के लिए सेना में नौकरी देना देश व सेना के लिए घातक है और युवाओं को बेरोजगारी की तरफ धकेलने वाला निर्णय है। जिसके कारण पूरे देश के युवाओं में बड़ी भारी नाराजगी है और युवा देश भर में सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा रोहतक सहित देशभर में आत्महत्या करने जैसे कदम उठा रहे हैं। देश के हरियाणा सहित अनेक को राज्यों में प्रदर्शनकारी युवाओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले दबाना अत्यंत निंदनीय है। केंद्र सरकार को युवाओं पर लाठी चार्ज करने के बजाए अपनी जिद छोड़ कर इस योजनाओं को युवा व देश के हित में तुरंत वापिस लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की तीनों सेना में लगभग 2 लाख 55 हजार से अधिक पद खाली होने के साथ अन्य विभागों में लाखों सरकारी पद खाली पड़े हैं जबकि सरकार ने 2 साल से सेनाओं की भर्ती रोक रखी है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के समय बेरोजगार युवाओं को हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। जिसके कारण देश का युवा अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार इसे जल्द से जल्द रद्द करें।

# गुर्जर नेता राकेश भड़ाना ने कैप्टन अजय यादव के खिलाफ पुलिस में दी शिकायत



**फरीदाबाद, (हि.स.)।** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस ओबीसी सैल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव द्वारा दिल्ली में गुर्जर समाज के खिलाफ अपशब्द कहने का मामला तूल पकडऩे लगा है। रविवार को गुर्जर समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राकेश भड़ाना ने डबुआ थाने में कैप्टन अजय यादव के खिलाफ लिखित में शिकायत देते हुए थाना प्रभारी से उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस मौके पर राकेश भड़ाना ने कहा कि गुर्जर समाज ने सदैव छत्तीस बिरादरियों का सम्मान किया और देश को आजाद कराने से लेकर देश की निर्माण में गुर्जर समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता, ऐसे समाज के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता द्वारा कहे गए अपशब्द पूरी तरह से निंदनीय है और गुर्जर समाज इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को भी इस मुद्दे पर कड़ा रूख अपनाते हुए कैप्टन अजय यादव को पार्टी से बाहर कर देना चाहिए क्योंकि समाज से बड़ी कोई पार्टी या दल नहीं होता बल्कि समाज सर्वमान्य होता है और किसी व्यक्ति को किसी समाज के खिलाफ टिप्पणी या अपशब्द बोलने का कोई हक नहीं है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि 5 दिनों के अंदर अगर कैप्टन अजय यादव को कांग्रेस पार्टी ने सभी पदों से मुक्त नहीं किया तो देशभर के गुर्जर समुदाय के लोग दिल्ली कूच करेंगे और कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी व राहुल गांधी के निवास का घेराव करेंगे। गुर्जर नेता राकेश भड़ाना ने थाना प्रभारी से मांग की कि वह इस मामले में कैप्टन अजय यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके कडी से कडी कार्यवाही करें, अन्यथा गुर्जर समाज सडकों पर उतरकर अपना रोष जाहिर करेगा। थाना प्रभारी ने राकेश भड़ाना व अन्य लोगों को शिकायत पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उनके साथ सतीश चंदीला, चंदवीर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# एटीएस द्वारका ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, 10 वाहन बरामद

**- AATS/DWD द्वारा गिरफ्तार किए गए दो ऑटो-लिफ्टर्स**
**- एक आरोपी आदित्य उर्फ शिवम को पीएस जनकपुरी का बीसी सूचीबद्ध किया गया है।**
**- एक आरोपी सूरज बाबू उर्फ काकू पहले थाने डाबरी के डकैती के एक मामले में शामिल था**




**धीरज गुप्ता।** इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एएटीएस, द्वारका जिले के पुलिस अधिकारियों की एक टीम। कमलेश कुमार और शामिल, एसआई विकास यादव, एएसआई जितेंद्र, एएसआई टोपेश यादव, एचसी विजय, एचसी अमित, एचसी इंदर, एचसी सतेंद्र, सीटी प्रवीण, श्री की करीबी देखरेख में एसीपी/ऑपरेशंस विजय सिंह ने दो हताश ऑटो-लिफ्टरों को गिरफ्तार किया है, वे एक और चोरी करने जा रहे थे। स्ट्रीट क्राइम यानी स्नैचिंग और एमवी चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर एएटीएस द्वारका के पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठित कर घटनास्थल के साथ-साथ आस-पास के स्थानों/मार्गों के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। टीम ने आरोपी आदित्य उर्फ शिवम और सूरज बाबू उर्फ काकू को मेट्रो पिलर नंबर 821 के पास द्वारका से पकड़ा, पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वे एक गणेश के निर्देश पर वाहन चोरों का गिरोह चला रहे हैं, जो दिल्ली के पीएस जनकपुरी का बीसी है. द्वारका और पश्चिमी जिले से दोपहिया वाहन चुराकर बेचने की कोशिश करते थे।

# द्वारका जिले में शराब को लेकर 166 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई

**- डीसीपी हर्षवर्धन जी के नेतृत्व में द्वारका जिले में 166 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई**
**- सार्वजनिक सड़कों पर आदेश बनाए रखने के लिए उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है!**



**धीरज गुप्ता।** जिला पुलिस द्वारा द्वारका जिले के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। अनुमंडल एसीएसपी की देखरेख में पुलिस कर्मियों की कई टीमें गठित की गईं। उन्होंने द्वारका जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की. द्वारका जिला पुलिस द्वारा कुल 166 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। द्वारका जिला पुलिस ने निवासियों से सार्वजनिक स्थानों में शराब और अन्य नशाखोरी में शामिल न होने की अपील की है।

# बाड़ोली गांव का रहने वाला पांच हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**फरीदाबाद, (हि.स.)।** शराब तस्करी के मुकदमे में फरार चल रहे 5000 के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राकेश है, जो फरीदाबाद के बाड़ोली गांव का रहने वाला है। सितंबर 2021 में क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने आरोपी के साथी कासिम को कैंटर में 200 पेटी अवैध शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया था। जब गाड़ी की नंबर प्लेट चेक की गई तो वह फर्जी निकली। जिसके पश्चात जांच में सामने आया कि आरोपियों ने इंजन, चेसिस तथा अन्य समान बदलकर गाड़ी को तैयार किया था, ताकि पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर इसकी पहचान न हो सके। इसके पश्चात 1 महीने पहले मई 2022 में आरोपी के एक अन्य साथी रणधीर को इस मुकदमे में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। आरोपी राकेश पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए छुप छुप कर रह रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके ऊपर पुलिस द्वारा 5000 का इनाम घोषित किया गया था, जिसे क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने कल गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर उसे उसके गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बड़ा शराब तस्कर है, जिसके खिलाफ अवैध शराब, लड़ाई झगड़ा मारपीट इत्यादि धाराओं के तहत करीब 5-6 मुकदमे दर्ज हैं। वह कई बार जेल भी जा चुका है। आरोपी रणधीर आरोपी राकेश के साले का लडका है तथा आरोपी कासिम इनका तीसरा पार्टनर था जो गाड़ी चलाने का काम करता था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से कैंटर का इंजन चेसिस इत्यादि सामान के बारे में पूछताछ की जाएगी कि वह उन्होंने कहां से खरीदा और किसने इस गाड़ी को तैयार किया। पुलिस ने आरोपी को रविवार अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।







# नेशनल मीडिया क्लब के अध्यक्ष एवं श्री राम सेवा मिशन के चेयरमैन सचिन अवस्थी गोवा में यूथ आइकॉन अवार्ड से हुए सम्मानित




**गोवा :** नेशनल मीडिया क्लब एवं श्री राम सेवा मिशन के चेयरमैन सचिन अवस्थी एक विश्व विख्यात समाजसेवी के साथ साथ राष्ट्रवादी चिंतन करता भी है. सचिन अवस्थी को साल 2020 में ग्लोबल हयूमेनेटेरियन अवार्ड से लंदन में सम्मानित किया गया था उनके कोरोना के दौरान की गई समाजसेवी कार्य के लिए उन्हें विश्व स्तर पर सम्मानित किया गया था साथ ही श्री अवस्थी ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवाड्र्स से भी सम्मानित हो चुके है कोरोना महामारी के काल में आगरा में कार्यरत वरिष्ठ पत्रकार पंकज कुलश्रेष्ठ जी की दुःखद मौत के बाद सचिन अवस्थी ने नेशनल मीडिया क्लब द्वारा webinar के माध्यम से किए गए श्रद्धांजलि कार्यक्रम के माध्यम से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी थी. इस मौके पर सचिन अवस्थी ने स्व०पंकज कुलश्रेष्ठ जी के आवास पहुंचकर उनके परिजनों को 1 लाख रुपए की आर्थिक मदद की थी. सचिन अवस्थी ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर ना केवल भारत का गौरव बढ़ाया साथी उन सभी जरूरतमंद लोगों की सेवा की जिनको मदद की तुरंत आवश्यकता थी सचिन अवस्थी को इंटर्नैशनल ब्रिल्यन्स यूथ आइकन अवार्ड 2022 से गोवा में सम्मानित किया गया यह सम्मान सचिन अवस्थी के करियर को एक नई ऊंचाई देगा और आने वाले समय में सचिन अवस्थी जैसे नौजवानों को राष्ट्रवादी सोच के साथ समाजसेवी कार्यों को आगे बढ़ाने में प्रोत्साहन मिलेगा और बढ़ावा भी मिलेगा सचिन अवस्थी जैसे नौजवान आज के दौर में उन सभी नौजवानों के लिए एक मिसाल है जो समाज सेवा के क्षेत्र में अपना करियर स्थापित करना चाहते है साल 2017 में अवस्थी ने स्वच्छता के लिए काम करने वाले लोगों को लखनऊ में सम्मानित किया था. इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की थी साथ ही सचिन अवस्थी ने मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दिखाते हुए, एक घायल पड़े पुलिस सिपाही की भी जान बचाई थी, जो एक दुर्घटना के बाद सड़क के किनारे घायल पड़ा था. जिसे सचिन ने अपनी कार में आधी रात में अस्पताल पहुंचाया. जिस वजह से उस सिपाही की जान बचायी जा सकी थी. यूथ आइकन अवार्ड से सम्मानित होने के बाद सचिन अवस्थी ने इस सम्मान समारोह के आयोजन कताओं को धन्यवाद दिया है और उन्होंने यह कहा है कि आने वाले 5 सालों में वह देश और विदेश की युवाओं को साथ लेकर देश और दुनिया के करीब 100000 लोगों की सीधे तौर पर मदद करेंगे और युवाओं को समाजसेवा में आगे लाने का भी प्रयास करेंगे सचिन अवस्थी का मिशन श्रीराम सेवा मिशन भी अपने कार्यों को आगे बढ़ाएगा- पवित्र गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से हरिद्वार से वाराणसी तक पांच दिवसीय स्वच्छ गंगा (River Ganga) जागरूकता यात्रा निकालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (PM Modi) भी सचिन अवस्थी की पत्र लिखकर प्रशंसा कर चुके हैं. हाल ही में सचिन अवस्थी की संस्था नेशनल मीडिया क्लब द्वारा प्रकाशित उत्तर प्रदेश मीडिया डायरेक्ट्री 2022 के विशेष अंक का विमोचन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के द्वारा किया गया साथ ही इस डायरेक्ट्री की एक कॉपी सभी MLA , MLC को उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान दी गई जिसे पाकर सभी बहुत प्रसन्न दिखे और डायरेक्ट्री में दी हुई जानकारी को बहुत उपयोगी बताया सचिन अवस्थी कहते सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने को प्रेरणा उन्हें पिता रमेश अवस्थी से मिलती है जो कि भारत की जाने माने वरिष्ठ पत्रकार है अवस्थी के छोटे भाई शुभम अवस्थी सप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता है जो कि अपनी जनहित याचिकाओं के कारण अक्सर चर्चा में रहते हैं




# अब एकध्रुवीय विश्व का दौर खत्म हुआ, अपनी रक्षा के लिए परमाणु बम के प्रयोग से भी नहीं हिचकेंगे : पुतिन



**मास्को (ईएमएस)।** यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुनिया में एकध्रुवीय विश्व का दौर खत्म हो गया है। पुतिन ने कहा रूस परमाणु हथियारों की दुनिया को धमकी नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा मॉस्को इन हथियारों का प्रयोग अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जरूर करेगा। रूसी राष्ट्रपति ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। जब परमाणु युद्ध और तीसरे विश्व युद्ध के खतरे के बारे में पश्चिम के आरोपों पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया, तो रूसी राष्ट्रपति ने कहा यह आखिर आता कहां से है? उनके स्वयं के बयानों से कभी-कभी गैर-जिम्मेदार राजनेता कुछ इस तरह की बातें करते हैं, यहां तक कि उच्च पदस्थ राजनेता भी। उन्होंने कहा क्या हमें चुप रहना चाहिए? हम जवाब दे रहे हैं। जैसे ही हम जवाब देते हैं, वे कहते हैं देखो, रूस हमें धमकी दे रहा है। हम किसी को धमकी नहीं दे रहे हैं, लेकिन सभी को पता होना चाहिए कि हम अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए क्या कर सकते हैं। यूक्रेन में रूस के चल रहे युद्ध के बारे में, पुतिन ने दावा किया कि आक्रमण का कानूनी पक्ष, जिसे मॉस्को विशेष सैन्य अभियान कहता है, पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय कानून का अनुपालन करता है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा उन्होंने कोसोवो पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के फैसले को भी याद किया। उन्होंने कहा, जब एक क्षेत्र को एक स्टेट से अलग किया जाता है, तो केंद्रीय अधिकारियों से अनुमति मांगना आवश्यक नहीं है। उन्होंने उस मसले पर कहा, इस मामले में डोनबास गणराज्यों को कीव अधिकारियों से अनुमति मांगने की आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। इस संबंध में, हमें उन्हें मान्यता देने का अधिकार था या नहीं? बेशक हमने ऐसा किया। हमने उनके साथ एक पारस्परिक सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस समझौते के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 151 के अनुसार, हम उन्हें सैन्य सहायता प्रदान करते हैं। पुतिन ने कहा हमारे कार्य बिल्कुल वैध हैं। यह स्वीकार करते हुए कि सैन्य कार्रवाई हमेशा एक त्रासदी साबित होती है, पुतिन ने कहा यूक्रेन युद्ध एक आवश्यक उपाय था। हमारे पास कोई और उपाय नहीं बचा था। युद्ध के मद्देनजर पश्चिम द्वारा रूस पर लगाए गए कई प्रतिबंधों के बारे में बोलते हुए, राष्ट्रपति ने कहा वे मूर्ख और विचारहीन हैं। उन्होंने दावा किया कि रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के कारण यूरोपीय संघ को 400 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा 27 सदस्यीय ब्लॉक में महंगाई बढ़ रही है और यूरोप में लोगों के वास्तविक हितों को दरकिनार किया जा रहा है।

## एलन मस्क की अंतरिक्ष के प्रति दीवानगी नासा के लिए बन सकती परेशानी का सबब

### -स्पेसएक्स बर्बाद कर सकता है स्पेस स्टेशन का इकलौता रास्ता





**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** दुनिया के सबसे रईसों में शुमार और स्पेसएक्स के मुखिया एलन मस्क और अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा कई योजनाओं पर एक साथ काम कर रहे हैं। लेकिन नासा को डर सता रहा है कि एलन मस्क की स्पेस के लिए दीवानगी उसके लिए बड़ा खतरा बन सकती है। नासा को डर है कि स्पेसएक्स के राकेट एजेंसी के उस लॉन्च पैड को तबाह कर सकते हैं जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और उसके रॉकेट को जोड़ने का एकमात्र माध्यम है। फ्लोरिडा के कैप कैनावेरल में कैनेडी स्पेस सेंटर का लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों और आईएसएस को जोड़ने वाला एकमात्र लॉन्च पैड है। अगर इसे कोई नुकसान पहुंचता है तो स्पेस स्टेशन और धरती के बीच कनेक्शन प्रभावित हो सकता है। ये वही लॉन्च पैड है जहां से नासा ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों को 1970 के दशक में चंद्रमा की सतह पर भेजा था। स्पेसएक्स ऐसा ही कुछ ड्रैगन क्रू के साथ भी करना चाहती है। लेकिन मस्क की कंपनी के पिछले कुछ मिशनों के बुरी तरह असफल होने के बाद इस लॉन्च पैड के लिए खतरा पैदा हो गया है।

नासा के स्पेस ऑपरेशन्स की चीफ कैथी लाइडर्स ने रॉयटर्स से कहा, 'हमारा मानना है कि अगर स्पेसएक्स की शुरूआती उड़ानों की तरह इसमें भी विफलता हासिल हुई तो यह 39अ के लिए बेहद विनाशकारी साबित होगा।' दरअसल स्पेसएक्स एक स्टारशिप लॉन्च पैड का निर्माण कर रही है जो लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से सिर्फ कुछ सौ फीट की दूरी पर स्थित है। लाइडर्स ने कहा कि प्रोजेक्ट टीम लॉन्च पैड को संभावित विस्फोट से बचाने के लिए सभी तरीकों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया, 'इन चीजों पर स्पेसएक्स भी हमारे साथ काम कर रही है। क्योंकि यह उनके भी हित में है कि उनकी आय का एक स्थिर स्त्रोत बाधित न हो।' स्पेसएक्स का स्टारशिप प्रोटोटाइप एसएन11 पिछले महीने लॉन्च होने के बाद 'धुएं की गेंद' बन गया था। लाइव स्ट्रीम में टेक्सास के बोका चीका में कंपनी के लॉन्च पैड से लॉन्च के कुछ मिनट के बाद विस्फोट की आवाज सुनी गई। इसके बाद रॉकेट का मलबा वापस धरती पर गिरते देखा गया था।

## आतंकी समूह दाएश ने ली काबुल में गुरुद्वारे पर हमले की जिम्मेदारी



**काबुल/नई दिल्ली, (हि.स.)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शनिवार को कार्ते परवान गुरुद्वारा साहिब पर हुए हमले की जिम्मेदारी तालिबान विरोधी आतंकी समूह दायश/आईएसआईएस ने ली है। यह जानकारी खलीज टाइम्स ने रविवार को दी। इस हमले के बाद सुरक्षा के मद्देनजर भारत के गृह मंत्रालय ने अफगानिस्तान में रह रहे 100 से अधिक सिखों और हिंदुओं को प्राथमिकता के आधार पर ई-वीजा प्रदान किया है। आतंकी समूह दाएश ने अपने टेलीग्राम चैनल पर जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि कार्ते परवान गुरुद्वारे पर उसके लड़ाकों ने हमला किया है। यह हमला पैगंबर मोहम्मद पर की गई अपमानजनक टिप्पणी का जवाब है। संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधक कार्यालय के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोन्कोफ का कहना है कि दाएश खतरनाक आतंकी समूह है। सीरिया और इराक में इसके छह से दस हजार लड़ाके हैं। दाएश के लड़ाके घात लगाकर सड़कों के किनारे हमले करते हैं और भाग निकलते हैं। उल्लेखनीय है कि कार्ते परवान गुरुद्वारा साहिब पर हुए आतंकी हमले में दो लोग मारे गए। हमले के वक्त गुरुद्वारे में करीब 30 लोग थे। इस बीच अफगान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक लदे एक वाहन को गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोककर बड़ी घटना को टाल दिया था। तालिबान ने दावा किया है कि उसके सुरक्षा बलों ने तीन हमलावरों को मार गिराया। इस बीच भारत ने इस हमले के बाद भारतीय मूल के लोगों की सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए ई-वीजा प्रदान किए हैं। गृह मंत्रालय ने अफगानिस्तान में रह रहे 100 से अधिक सिखों और हिंदुओं को प्राथमिकता के आधार पर ई-वीजा प्रदान किया है।

## दोनेत्स्क में गोलीबारी, पांच की मौत, 20 घायल

**कीव, (हि.स.)।** यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बीच रूसी समर्थित दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के दोनेत्स्क शहर में शनिवार को हुई गोलीबारी से पांच लोगों की मौत हो गई। गोलीबारी में 20 अन्य लोगों घायल होने की भी सूचना है। डोनबास में युद्धविराम व्यवस्था नियंत्रण और समन्वय के संयुक्त केंद्र ने रविवार को यह जानकारी दी। दोनेत्स्क रिपब्लिक मिशन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा- '18 जून, 2022 को यूक्रेनी सशस्त्र बलों के हमलों में पीड़ित नागरिकों की कुल संख्या 25 (पांच मृत और 20 घायल) है।' इससे पहले कहा गया था कि गोलीबारी में घायलों की संख्या 15 है। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी से यूक्रेन और रूस की सेना आमने-सामने है।

## स्थिति के आकलन के लिए जल्द पाकिस्तान का दौरा करेगी एफटीएफ टीम

**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** पाकिस्तान ने कहा है कि वह वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के विशेषज्ञों के शीघ्र दौरे का कार्यक्रम तैयार कराने के लिए एफएटीएफ के साथ करीबी तौर पर काम रहा है। एफएटीएफ के विशेषज्ञ पाकिस्तान को ह्यग्रेह्न सूची से बाहर निकालने के लिए आतंकवाद का वित्त पोषण और धन शोधन गतिविधियां रोकने की दिशा में देश द्वारा की गई प्रगति को सत्यापित करेंगे।

पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने कहा कि जल्दी ही एफएटीएफ टीम के दौरे की तिथियां भी सामने आ जाएंगी। पेरिस स्थित वैश्विक धन शोधन एवं आतंकी वित्तपोषण निगरानी संस्था ने अपने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान एफएटीएफ की बढ़ाई गई निगरानी के तहत ग्रे सूची देशों में शामिल बना रहेगा। इसने कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने की दिशा में इस्लामाबाद द्वारा सुधारों के क्रियान्वयन को मौके पर सत्यापित करने के बाद पाकिस्तान को ग्रे सूची से निकाला जा सकता है।

एफएटीएफ के निवर्तमान प्रमुख मारकस प्लेयर ने कहा पाकिस्तान को ग्रे सूची से बाहर नहीं निकाला जा रहा है। मौके पर सत्यापन करने पर उसके कार्यों के सतत पाए जाने के बाद हीउसे इस सूची से बाहर किया जाएगा।

## डेलावेयर में अपने बीच हाउस में साइकिल से गिरे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन



**वाशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन डेलावेयर में अपने बीच हाउस के पास केप हेनलोपेन स्टेट पार्क के पास शनिवार को साइकिल से उतरने की कोशिश करते हुए गिर पड़े, हालांकि उन्हें चोट नहीं आई है। घटना के तुरंत बाद अमेरिका सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने राष्ट्रपति को उठने में मदद की। उसके बाद बाइडन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं ठीक हूं। उन्होंने कहा कि मुझे कोई चोट नहीं आई। उन्होंने कहा बस मेरा पैर फंस गया था। गौरतलब है कि 79 वर्षीय राष्ट्रपति बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन सुबह साइकिल पर घूमने निकले थे और अपने शुभचिंतकों से मिलने के लिए आगे बढ़ रहे थे। हेलमेट पहने हुए बाइडन साइकिल से उतरने का प्रयास करते हुए नीचे गिर पड़े। दायीं ओर गिरने के बाद संभलते हुए बाइडन तुरंत खड़े हो गए। इस मौके पर सीक्रेट सर्विस ने लोगों को हटाया। व्हाइट हाउस की ओर से कहा गया कि राष्ट्रपति के शरीर पर गिरने से कोई खरोच नहीं आई। ह्वाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा उन्हें किसी तरह के चिकित्सकीय सहायता की जरूरत नहीं पड़ी। अगले कुछ दिन राष्ट्रपति अपने परिवार के साथ बिताने वाले हैं। अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन का स्वास्थ्य निरंतर ध्यान का विषय है। इसी लिए कहा जाता है कि शायद वह 2024 में दूसरे कार्यकाल के चुनाव में न खड़े हों। नवंबर 2020 में चुनाव के तुरंत बाद और पद ग्रहण करने से पहले अपने पालतू जर्मन शेफर्ड के साथ खेलते हुए उन्होंने अपना एक पैर तोड़ लिया था, लेकिन नवंबर 2021 में उनके डॉक्टर ने उन्हें फिट बताया।

## अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कोरोना संक्रमित

**वाशिंगटन, (हि.स.)।** कोरोना पूरी दुनिया की नाक में दम किए हुए है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन कोरोना की जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने शनिवार को कहा- 'राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कोविड-19 की जांच में आज पॉजिटिव पाए गए हैं।' उन्होंने कहा कि हालांकि सुलिवन में बीमारी के लक्षण नहीं दिखे हैं। वह राष्ट्रपति जो बाइडेन के करीबी संपर्क में भी नहीं आए हैं।

## भारत ने धार्मिक भय के खिलाफ यूएन में अपना पक्ष रखा, कहा इसको लेकर दोहरे मानमंड नहीं हो सकते



**जिनेवा (ईएमएस)।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने धार्मिक भय यानी रिलिजियोफोबिया के खिलाफ अपना पक्ष रखा और कहा कि इसे लेकर दोहरे मानदंड नहीं हो सकते। रिलिजियोफोबिया एक चुनिंदा कवायद नहीं होनी चाहिए, जिसमें सिर्फ एक या दो धर्म शामिल किए जाएं। घृणास्पद भाषण से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस की पहली वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस त्रिमूर्ति ने कहा कि भारत आतंकवाद, खासकर सीमा पार आतंकवाद का सबसे बड़ा शिकार रहा है। उन्होंने देशों से एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करने का आह्वान किया जो बहुलवाद और लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देकर आतंकवाद का मुकाबला करने में सही मायने में योगदान दे। तिरुमूर्ति ने घृणास्पद भाषण से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस की पहली वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम में कहा जैसा कि हमने बार-बार जोर दिया है कि केवल एक या दो धर्मों को शामिल कर रिलिजियोफोबिया के मुकाबले की कवायद चुनिंदा नहीं होनी चाहिए, बल्कि गैर-अब्राहम धर्मों के खिलाफ भी यह फोबिया पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। जब तक ऐसा नहीं किया जाता, ऐसे अंतरराष्ट्रीय दिवस अपने उद्देश्यों को कभी हासिल नहीं कर पाएंगे। रिलिजियोफोबिया पर दोहरे मापदंड नहीं हो सकते। तिरुमूर्ति ने संयुक्त राष्ट्र में कई मौकों पर रेखांकित किया है कि धार्मिक भय के समकालीन रूपों को गुरुद्वारों, मठों और मंदिरों जैसे धार्मिक स्थलों पर हमलों में वृद्धि या कई देशों में गैर-अब्राहम धर्मों के खिलाफ घृणा और दुष्प्रचार के प्रसार में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की बहुसांस्कृतिक विशेषता ने सदियों से इसे भारत में शरण लेने वाले सभी लोगों के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल बना दिया है, चाहे वह यहूदी समुदाय हो या पारसी या तिब्बती। उन्होंने कहा यह हमारे देश की अंतर्निहित ताकत है जिसने समय के साथ कट्टरपंथ और आतंकवाद का सामना किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद का मुकाबला करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। तिरुमूर्ति ने कहा भारत आतंकवाद का सबसे बड़ा शिकार रहा है, खासकर सीमा पार आतंकवाद का। हम देशों से एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करने का आह्वान करते हैं जो बहुलवाद और लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देकर उनका मुकाबला करने में सही मायने में योगदान दे।

## कंगाल पाकिस्तान का बिजली बचाने का नया जुगाड़, देश का सबसे बड़ा शहर रात 10 बजे के बाद होगा बंद

**कराची (ईएमएस)।** पाकिस्तान के आर्थिक हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। पाकिस्तान का खजाना हर रोज घटता ही जा रहा है। स्थिति ऐसी है कि पाकिस्तान में हर रोज पैसा बचाने के लिए अजीबोगरीब फैसले लिए जा रहे हैं। पाकिस्तान लोगों से चाय कम पीने की अपील कर चुका है। वहीं इसी बीच पाकिस्तान ने बिजली बचाने के लिए अनोखा तरीका अपनाया है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सरकार ने ईंधन और बिजली बचाने के लिये देश के सबसे बड़े शहर कराची में सभी शॉपिंग मॉल, बाजार, शादी घर और रेस्तरां को जल्द बंद करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को उठाए गए प्रांतीय सरकार के इस कदम का उद्देश्य देश में ऊर्जा संकट को दूर करना है, जिसके कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। गृह सचिव डॉ। सईद अहमद मंगनेजो ने कहा हम ऊर्जा आपातकाल का सामना कर रहे हैं और हमें ऐसे उपाय करने की जरूरत है, जो स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक हों। मंगनेजो ने कहा कि सभी बाजारों, दुकानों और शॉपिंग मॉल को रात नौ बजे तक बंद करना होगा, जबकि शादी घर और रेस्तरां को भी रात साढ़े 10 बजे तक बंद करने का निर्देश दिया गया है। पाकिस्तान की खस्ताहाल स्थिति के कारण ही उसके पास सामानों के आयात की ताकत नहीं बची है। इसी कारण पाकिस्तान में तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। पाकिस्तानी रुपया लगातार गिर रहा है। एक डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपए की कीमत 200 पार कर चुकी है। वहीं पेट्रोल की कीमत 250 रुपए से ज्यादा पहुंचने वाली है। हाल ही में पाकिस्तान की सत्ता संभालने वाली शहबाज शरीफ सरकार के मंत्री अर्थव्यवस्था बचाने के लिए अजीबोगरीब सुझाव दे रहे हैं। शहबाद शरीफ सरकार ने 8 जून को फैसला लिया कि इस्लामाबाद में होने वाली शादियों पर आंशिक रूप से बैन लगाया जाए। रात 10 बजे के बाद कोई शादी न हो। ये भी कहा गया कि शादियों में सिर्फ एक ही डिश परोसी जाए। सरकार ने पेट्रोल बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को दो दिनों की अलग से छुट्टी भी दे दी है। वहीं हाल ही में पाकिस्तान के प्लानिंग एंड डेवलपमेंट मिनिस्टर अहसान शाह ने कम चाय पीने की राय दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा चाय आयातक है और इससे सरकार के पास पैसा नहीं बचता है।

## आज का इतिहास 20 जून

1712 मुहम्मद बिन कासिम ने बाबर पर हमला कर वहाँ के शासक दाहिर को मार डाला.

1858 ग्वालियर पर कब्जा हुआ और इसी के साथ आजादी की पहली लड़ाई समाप्त हो गई.

1948 भारत के अंतिम गर्वनर जनरल लोर्ड माउण्टबेटन के कार्यकाल की समाप्ति.

1961 कुवैत को अरब लीग में शामिल किया गया.

1973 दस वर्ष से अधिक समय तक निर्वासित जीवन बिताने के बाद अर्जेन्टीना के पूर्व तानाशाह जुआन पेरो स्वदेश लौटे.

1991 जर्मनी के सांसदों ने बर्लिन को सत्ता का केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया.

1995 उत्तर प्रदेश में मायावती सरकार को विश्वासमत प्राप्त.

1997 फिल्म निर्माता-निर्देशक बासु भट्टाचार्य का निधन.

1999 कारगिल में पाकिस्तानी घुसपैठियों की जी-8 ने निंदा की.

2000 केंद्र सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे रहनेवालों के लिये जनश्री बीमा योजना की घोषणा की.

2001 पाकिस्तान में जनरल मुशर्रफ ने राष्ट्रपति पद संभाला.

2007 प्रधानमंत्री ने ताला ट्रांसमिशन प्रणाली को राष्ट्र को समर्पित किया.

## काबुल में गुरुद्वारे पर हमले के बाद भारत ने 100 अफगान सिखों को दिया ई-वीजा

**काबुल (ईएमएस)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शनिवार को एक गुरुद्वारे में हुए कई विस्फोट के बाद भारत सरकार ने वहां के सिखों को ई-वीजा देने का ऐलान किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक ऐसे करीब 100 वीजा जारी किए जा चुके हैं। बता दें कि पिछले साल भी अगस्त में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद गृह मंत्रालय ने ई-वीजा जारी किए थे। भारत के लिए ई-वीजा को ऑनलाइन आवेदन के जरिए लिया जा सकता है। शनिवार को हमले में एक सिख सहित दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। वहीं, अफगान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक लदी एक गाड़ी को गुरुद्वारे में एंट्री करने से रोककर एक बड़ी घटना को टाल दिया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि पहले बंदूकधारियों ने एक हथगोला फेंका जिससे गुरुद्वारे के गेट के पास आग लग गई। इस हमले को लेकर भारत ने कड़ी आपत्ती जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में स्थित गुरुद्वारा कार्ते परवान पर बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा की। मोदी ने एक ट्वीट में कहा काबुल में कार्ते परवान गुरुद्वारे पर कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। मैं इस बर्बर हमले की निंदा करता हूं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सलामती के लिए प्रार्थना करता हूं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि सरकार घटना के बाद स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा गुरुद्वारा कार्ते परवान पर कायरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। हमले की खबर मिलने के बाद से हम घटनाक्रम पर करीब से नजर हुए हैं। हमारी पहली और सबसे महत्वपूर्ण चिंता समुदाय के कल्याण के लिए है। सन 2020 के हमले के समय अफगानिस्तान में 700 से कम सिख और हिंदू थे। तब से, दर्जनों परिवार वहां से भाग गए हैं।




यूक्रेन में रुसी हमले के कारण ध्वस्त एक ट्राम डिपो। (फोटो-ईएमएस)

# स्पेसएक्स ने एलन मस्क की आलोचना करने वाले कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता




**हॉथोर्न (ईएमएस)।** टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क द्वारा संचालित अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने अपने कई कर्मचारियों को निकाल दिया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक खुला पत्र लिखते हुए इन कर्मचारियों ने मस्क के व्यवहार के लिए उनकी आलोचना की थी। स्पेसएक्स की अध्यक्ष ग्वेने शॉटवेल के एक ई-मेल का हवाला देते हुए कहा गया है कि कंपनी ने उन कर्मचारियों की सेवाएं खत्म कर दी हैं, जिन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। पत्र लिखने वालों ने मस्क के कार्यों की निंदा की थी। उनका कहना था कि मस्क ने हाल के हफ्तों में कर्मचारियों का ध्यान भटकाने और उन्हें शर्मिंदा करने वाले कई कदम उठाए हैं। फिलहाल यह नहीं पता चल पाया है कि स्पेसएक्स के कितने कर्मचारियों की नौकरियां गई, लेकिन शॉटवेल के ई-मेल के मुताबिक इन कर्मचारियों पर आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में कार्रवाई की गई है। शॉटवेल ने ई-मेल में लिखा कि पत्र की वजह से कई कर्मचारी असहज और भयभीत हुए तथा वे आक्रोशित महसूस कर रहे थे, क्योंकि उन पर ऐसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव डाला जा रहा था, जो उनके विचारों को प्रतिबिंबित नहीं करता था। उन्होंने लिखा है हमारे पास करने के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण कार्य हैं और इस तरह की अति सक्रियता की कोई आवश्यकता नहीं है। इन कर्मचारियों की सेवाएं गुरुवार को खत्म की गईं। उसी दिन मस्क ने पहली बार ट्विटर के कर्मचारियों को अपने कारोबार में सोशल मीडिया सेवा को जोड़ने के लिए 44 अरब डॉलर के सौदे के बारे में बताने के लिए संबोधित किया था। यह खरीद प्रक्रिया अधर में है, क्योंकि मस्क यह निर्धारित करने का प्रयास कर रहे हैं कि क्या ट्विटर अपने प्लेटफॉर्म पर मौजूद फर्जी अकाउंट की संख्या छिपा रहा है। हाल के दिनों में मस्क माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स, ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल समेत कई अन्य के बारे में अपने ट्वीट को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। मस्क की आलोचना करने वाले स्पेसएक्स के कर्मचारियों ने अपने खुले पत्र में कहा है कि इन ट्वीट की वजह से उनके 9।8 करोड़ फॉलोअर के बीच कंपनी की साख प्रभावित हुई है।

# एफआईआई ने अभी तक भारतीय बाजार से 2 लाख करोड़ रुपये की निकासी की




**मुंबई (ईएमएस)।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने इस साल अभी तक भारतीय बाजार से 2 लाख करोड़ रुपये की निकासी की हैं। यह किसी एक वित्तीय साल में विदेशी निवेशकों की अब तक की सबसे बड़ी बिकवाली है। बाजार इस दबाव को झेल नहीं पा रहा है। इसकारण सेंसेक्स अपने शीर्ष से करीब 10,000 अंक नीचे आ गया है। विदेशी निवेशक पिछले 9 महीने से लगातार बिकवाली कर रहे हैं। सिर्फ मई में उन्होंने 45,276 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए हैं। वहीं, जून में 17 तारीख तक एफआईआई 28, 445 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली कर चुके हैं। इस साल अब तक उन्होंने कुल 2,02,244 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की है। शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी हफ्ते में सेंसेक्स करीब 5.19 फीसदी और निफ्टी 5.36 फीसदी टूट गया और इस बीच निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई पर एशियन पेंट्स, विप्रो, डॉ रेड्डीज, टाइटन, टीसीएस, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में सबसे ज्यादा नुकसान दिखा। एलआईसी के शेयरों में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को यह शेयर 654 रुपये पर बंद हुआ। इस सप्ताह बाजार में गिरावट सिर्फ भारतीय निवेशकों के लिए नहीं रही, बल्कि पूरे एशिया के सभी प्रमुख शेयर बाजारों में इसका असर दिखा। इस सप्ताह जापान का निक्केई 6.7 फीसदी, हांगकांग का शेयर बाजार हेंगसेंग 3.5 फीसदी, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 6 फीसदी, ताइवान का बाजार 5 फीसदी और सिंगापुर निफ्टी 5.8 फीसदी टूटकर बंद हुआ है। जानकारों का कहना है कि निवेशकों को हताश होकर शेयर नहीं बेचने चाहिए। वह कहते हैं कि फिलहाल निवेशकों को पैसा बनाने के बजाय उस सुरक्षित करने के बारे में सोचना चाहिए। बकौल जानकार, लोगों को कोविड-19 की शुरूआत में आई गिरावट को याद करना चाहिए। वह एक बड़ी गिरावट थी लेकिन बाजार ने कुछ ही महीनों में इसकी भरपाई कर ली थी। निवेशकों को अच्छी क्वालिटी के शेयरों में पैसा लगाना चाहिए। हालांकि, उन्हें यह निवेश लंबे समय के लिए करना होगा।

# ओडिशा बड़े पैमाने पर औद्योगिक और आर्थिक वृद्धि के लिए तैयार : पीडब्ल्यूसी इंडिया



**भुवनेश्वर (ईएमएस)।** ओडिशा विकास के पायदान चढ़ने को आतुर है। पीडब्ल्यूसी इंडिया के मुखिया संजीव कृष्ण ने कहा कि ओडिशा बड़े पैमाने पर औद्योगिक और आर्थिक वृद्धि के लिए तैयार है और उनकी फर्म इसमें योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीडब्ल्यूसी इंडिया ने हाल ही में भुवनेश्वर में अपना नया कार्यालय शुरू किया था और उद्योग संघ फिक्की के साथ मिलकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कृष्ण ने कहा, ओडिशा आर्थिक क्रांति के मुहाने पर है और हम इस यात्रा में फिक्की जैसे साझेदारों को पाकर खुश हैं, ताकि राज्य को आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरने में मदद कर सकें। फिक्की ओडिशा राज्य परिषद के अध्यक्ष रंजन नाइक ने कहा कि राज्य लौह अयस्क से स्टील, और कोयला, बॉक्साइट से एल्यूमीनियम जैसे कई मूल्य वर्धित उत्पादों की ओर बढ़ रहा है।


# टीवी राइटस छोड़कर भी मुकेश अंबानी ने आईपीएल के मैदान में लगा दिया छक्का



**मुंबई (ईएमएस)।** भारत के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी ने आईपीएल के टीवी राइट्स नहीं लिए हैं, जिसे वॉल्ट डिज्नी कंपनी ने 3 अरब डॉलर में लिया है। अब लोग बातें कर रहे हैं कि आखिर इतने बड़े अरबपति के हाथ से टीवी राइट्स कैसे निकल गए? दरअसल, टीवी राइट्स उनके हाथ से निकले नहीं, बल्कि उन्होंने इसमें सीमित मौके देखे इसकारण इस छोड़ दिया। अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और अमेरिकी की दिग्गज कंपनी पैरामाउंट ग्लोबल के ज्वाइंट वेंचर 'वायाकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड' ने डिजिटल राइट्स पर फोकस किया। मामले से जुड़े एक शख्स के अनुसार आने वाले 5 सालों में टीवी के मुकाबले डिजिटल विज्ञापन से होने वाली कमाई चार गुना तक बढ़ेगी। वहीं माना जा रहा है कि इस दौरान टीवी को दोहरे अंक की बढ़ोतरी के लिए भी संघर्ष करना होगा। अंबानी की कंपनी वायाकॉम 18 ने आईपीएल की नीलामी के शुरूआती दौर में, तब टीवी राइट्स के लिए भी बोली लगाई, लेकिन कंपनी का मुख्य फोकस डिजिटल राइट्स हासिल करना रहा। वायाकॉम 18 ने दुनिया में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेलों में से एक आईपीएल टूर्नामेंट के डिजिटल राइट्स के लिए 238 अरब रुपये (3.1 अरब डॉलर) चुकाए हैं। यानी देखा जाए तब जितने पैसे वॉल्ट डिज्नी ने टीवी राइट्स के लिए दिए हैं, लगभग उतने ही पैसे मुकेश अंबानी ने डिजिटल राइट्स के लिए खर्च किए हैं। अंबानी का डिजिटल राइट्स हासिल करने और टीवी राइट्स छोड़ने का फैसला रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने वाला कदम है। मौजूदा समय में देश के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी एक ऐसा ईकोसिस्टम बनाना चाहते हैं, जो स्मार्टफोन से जुड़े लोगों को ई-कॉमर्स और मनोरंजन के लिए लुभा सके। यानी एक ही जगह पर ग्राहकों को सब कुछ मुहैया हो। अंबानी ने टीवी राइट्स छोड़कर अरबों डॉलर बचाए हैं। उम्मीद है कि यह पैसे वह 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में इस्तेमाल कर सकते हैं। भारत के क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के प्रमुख जय शाह ने कहा है कि भारत में अगले 5 सालों में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 90 करोड़ तक पहुंचेगी।

मिडिल क्लास परिवारों के लिए मनोरंजन का मुख्य जरिया टीवी हुआ करता था, लेकिन खास कर कोरोना के बाद अब ऑनलाइन स्ट्रीमिंग ने तेजी से उसकी जगह ली है। रिलायंस अपने आईपीएल राइट्स का इस्तेमाल वूट, जियो और अन्य स्ट्रीमिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को बेहतर बनाने में करेगा। वॉयाकॉम 18 पहले ही फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस और बास्केटबॉल कॉम्पटीशन के मीडिया राइट्स हासिल कर चुका है। इस तरह अब मुकेश अंबानी के खेल को पोर्टफोलियो में कई सारे खेल शामिल हैं। देश में खेलों को लेकर लोगों का एक अलग ही उत्साह है, जो मुकेश अंबानी की कमाई बढ़ाने का जरिया बन सकता है।

# मूडीज ने आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक का मूलभूत कर्ज आकलन सुधारा




**मुंबई (ईएमएस)।** मूडीज की निवेशक सेवा ने आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक के मूलभूत कर्ज आकलन (बीसीए) में सुधार किया है, जो कर्ज के मूलभूत कारकों विशेषकर परिसंपत्ति गुणवत्ता का बेहतर होना दर्शाता है। मूडीज ने कहा कि बैंकों के बीसीए को बीएए3 से सुधाकर बीए1 कर दिया है। हालांकि, इससे जमा रेटिंग में कोई परिवर्तन नहीं आएगा, जो भारत की सॉवेरन रेटिंग 'बीएए3 स्थिर' के स्तर पर ही है। उसने कहा कि दोनों बैंकों के बीसीए को सुधारने के पीछे वजह परिसंपत्ति गुणवत्ता, पूंजी और लाभ का बेहतर होना है। उनकी परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आया है और गैर निष्पादित कर्जों का सकल एवं शुद्ध अनुपात भी घट रहा है। इसके अलावा उनका लाभ भी बेहतर हुआ है। आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक का परिसंपत्तियों पर रिर्टन मार्च 2022 तक क्रमशः 1.8 फीसदी और 1.2 फीसदी था। यह इससे पहले चार वर्षों तक और मार्च 2020 के अंत तक औसत 0.8 फीसदी और 0.4 फीसदी था।

# नई रैदर 125 स्पोर्टी कम्यूटर बाइक की कीमत बढ़ी

## - टीवीएस रैदर 125 डिस्क ट्रिम की कीमत अब 90,989 रुपये



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत में टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी नई रैदर 125 स्पोर्टी कम्यूटर बाइक की कीमत बढ़ा दी है। टीवीएस रैदर 125 डिस्क ट्रिम अब 90,989 रुपये (एक्स-शोरूम) है, जबकि पहले इसकी कीमत 89,089 रुपये (एक्स-शोरूम ) थी। नई कीमत केवल बाइक के डिस्क ब्रेक वेरिएंट को ही प्रभावित करती है। वहीं ड्रम ब्रेक वेरिएंट पुराने रेट पर ही बेचा जा रहा है। गौरतलब है कि दोनों कीमतें मुंबई की मार्केट की हैं। रैदर 125 ड्रम ट्रिम की कीमत अभी भी 84,573 रुपये (एक्स-शोरूम, मुंबई) हैं। इसकी कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। इससे पहले टीवीएस रैदर की कीमत मई 2022 में बढ़ाई गई थीं। उस समय इसकी कीमत में 1,620 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी।प्राइस रिवीजन के अलावा बाइक में और कोई बदलाव नहीं किया गया है। मोटरसाइकिल में वही 124.8सीसी, सिंगल-सिलेंडर, थ्री-वाल्व इंजन है जो 11.2बीएचपी की पावर और 11.2एनएम का पीक टॉर्क बनाता है। इसे गैस-चार्ज 5-स्टेप एडजस्टेबल मोनो-शॉक सस्पेंशन, लो फ्रिक्शन फ्रंट सस्पेंशन और स्प्लिट सीट, 5-स्पीड गियरबॉक्स और 17-इंच अलॉय चंकी वाइड टायर्स के साथ पेश किया गया है। बाइक तको चार कलर ऑप्शन- स्ट्राइकिंग रेड, ब्लेजिंग ब्लू, विकेड ब्लैक और फायरी येलो में खरीदा जा सकता है।बाइक की कुछ प्रमुख विशेषताओं में एक एलईडी हेडलाइट, आइडल स्टॉप-स्टार्ट सिस्टम, दो राइड मोड (इको और पावर), और फर्स्ट-इन-सेगमेंट अंडर-सीट स्टोरेज शामिल हैं। इसमें एलसीडी डिजिटल स्पीडोमीटर, और 3वी आई-टच स्टार्ट जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं।

# वन इलेक्ट्रिक 8 देशों में एक्सपोर्ट करेगी बाइक

## -मध्य पूर्वी देशों में ट्रायल्स शुरू करेगी कंपनी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी वन इलेक्ट्रिक ने घोषणा की है कि उसने अपनी इलेक्ट्रिक बाइक का आठ देशों में निर्यात शुरू कर दिया है। वन इलेक्ट्रिक अब पांच अफ्रीकी देशों, संयुक्त राज्य अमेरिका और नेपाल के अलावा मध्य पूर्वी देशों में ट्रायल्स शुरू करेगी। कंपनी ने यह भी कहा कि फिलहाल उनका टारगेट इस साल के आखिर तक कंपनी के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री को 20,000 यूनिट प्रति माह तक पहुंचाना है। वन इलेक्ट्रिक फिलहाल एक इलेक्ट्रिक बाइक क्रिडन बेचती है। इस बाइक में 5.5केडब्ल्यू मोटर के साथ 3केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल किया गया है। यह सिंगल चार्ज में 110 किमी की रेंज देती है। ईको मोड में इसकी टॉप स्पीड 80 किमी/घंटा है।वन इलेक्ट्रिक ने कहा कि जहां भारतीय और अफ्रीकी बाजारों की आवश्यकताएं एक जैसी हैं, वहीं मध्य पूर्व के बाजार हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। कंपनी के सीईओ गौरव उप्पल ने कहा, ह्व मध्य पूर्वी देशों के बाजार में हमें ऐसे टू-व्हीलरों की जरूरत होती है, जिनकी स्पीड लगातार 100 किमी प्रति घंटा रखी जा सके। वहीं, इन देशों में 50 डिग्री सेल्सियस के तापमान के हिसाब से टू-व्हीलरों के कूलिंग सिस्टम भी मैनेज करना होगा।ह्वसीईओ ने कहा कि होममेड ईवी कंपनी फिलहाल अपने विस्तार पर फोकस कर रही है, क्योंकि वह एक वैश्विक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी बनना चाहता है। कंपनी का टारगेट इस साल के अंत तक 15 देशों में व्यापार शुरू करना है। वर्तमान में वन इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल यूरोपीय बाजार का आकलन करने की प्रक्रिया में है और तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने पर काम कर रही है। उप्पल ने कहा, ह्न2035 तक आईसीई इंजनों को बंद करने का यूरोपीय संघ का निर्णय हमारे लिए दिलचस्प अवसर खोलेगा।ह्व इलेक्ट्रिक बाइक क्रिडन को हैवी रोड कंडीशन और हैवी लोडिंग के लिए डिजाइन किया गया है। इसे अफ्रीकी जैसे गर्म देशों में आसानी से चलाया जा सकता है। इसमें आने वाली फीचर्स की बात करें तो इसमें आरामदायक सीटें, 17 इंच के फ्रंट और 16 इंच के रियल व्हील शामिल है। इसे ब्लू और ब्लैक दो कलर ऑप्शन में खरीदा जा सकता है। इसमें एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल और एक हैलोजन हेडलैंप के साथ आती है।मेड इन इंडिया क्रिडन इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल का नाम संस्कृत से लिया गया है, जिसका अर्थ शास्त्रीय दक्षिण-एशियाई भाषा में ह्यखेलनाह्ल है। भारत में इसकी कीमत 1.29 लाख रुपये है।वन इलेक्ट्रिक क्रिडन पेट्रोल से चलने वाली पॉपुलर बाइक्स टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 और बजाज पल्सर एनएस200 को टक्कर देती है।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल के बिक सकतें है 8 -9 लाख यूनिट

## -एसएमईवी के डायरेक्टर जनरल ने जताई उम्मीद

**चेन्नई (ईएमएस)।** भारत में चालू वित्तीय वर्ष में इलेक्ट्रिक व्हीकल के आठ से नौ लाख यूनिट की बिक्री होने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2021-22 में इलेक्ट्रिक व्हीकल के केवल तीन लाख 40 हजार यूनिट बिके थे। फिलहाल सभी बड़ी कंपनियों के पास 5,000-10,000 यूनिट के ऑर्डर बुक हैं। सोसाइटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एसएमईवी) के डायरेक्टर-जनरल सोहिंदर गिल ने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री में बढ़ोतरी होने के लिए, जो कुछ हो सकता था, वह सब हुआ। पेट्रोल की कीमते भी लगातार बढ़ रही हैं।अच्छी रेंज वाले नए प्रोडक्टों की वजह से ग्राहकों को इलेक्ट्रिक व्हीकल का उपयोग करने का साहस मिल रहा है और हम तीन से 4गुना की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में 3,40,000 यूनिट की बिक्री हुई थी। जो अब बढ़कर 8,00,000-9,00,000 यूनिट हो जाएगी। आग लगने की घटनाओं के बावजूद अभी भी इलेक्ट्रिक टू व्हीलर के लिए 45-60 दिन की वेटिंग करनी पड़ रही है और सभी बड़ी कंपनियों के पास 5,000-10,000 यूनिट के ऑर्डर बुक हैं। इलेक्ट्रिक-टू व्हीलर बिक्री इस समय शीर्ष में है। एसएमईवी के आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, बसों, कारों और अन्य वाहनों की बिक्री जनवरी-मई की अवधि में लगभग दोगुनी हो गई, जो 2021 में 78,903 यूनिट के मुकाबले 2022 में 3,17,890 यूनिट थी। इन आंकड़ों में ई-रिक्शा और कम गति वाली बाइक जिन्हें पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, उन्हें शामिल नहीं किया गया है। वरना यह संख्या और अधिक होती। वहीं. जाटो डायनेमिक्स के अध्यक्ष रवि भाटिया ने इस संबंध में कहा कि प्रोडक्ट कैटेगरी में ओईएमएस ने ग्राहकों के लिए अधिक मॉडल और विकल्प पेश किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रिक वाहनों के अनुकूलन में तेजी से वृद्धि हुई है।

## दैनिक पंचांग

**20 जून 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2022 वर्ष का 171 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 21.02 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 04.35 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** प्रीति 08.28 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 09.35 बजे तदनन्तर बव 21.02 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 04.55 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कर्क | 07.13 बजे से |
| मंगल | मीन में | सिंह | 09.29 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 11.41 बजे से |
| गुरु | मीन में | तुला | 13.52 बजे से |
| शुक्र | वृष में | वृश्चिक | 16.06 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 18.22 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 20.27 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 22.14 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 23.47 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मेष | 01.17 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 02.57 बजे से |

**चन्द्रायु** 20.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871285
**जूलियन दिन** 2459750.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** जिल्काद **तारीख** 20
**विशेष** कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सस्ती एसयूवी वेन्यू का अपडेट वर्जन लॉन्च

## -नई हयूदै वेन्यू की 15,000 से ऊपर पहुंची बुकिंग



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पॉपुलर और सस्ती एसयूवी हयूदै वेन्यू के अपडेट वर्जन को लॉन्च कर दिया गया है। अपडेटेड हुंडई वेन्यू से कंपनी को बिक्री के आंकड़ों में इजाफा होने की उम्मीद है। 2022 वेन्यू के लिए लगभग 15,000 बुकिंग पहले ही प्राप्त हो चुकी हैं। यह बुकिंग आउटगोइंग मॉडल के लिए हुई 25,000 ऑर्डर से अलग है। 2022 हयूदै वेन्यू को 7.53 लाख रुपये की शुरूआती कीमत पर लॉन्च किया गया है। इसमें दो पेट्रोल और एक डीजल इंजन ऑप्शन के साथ-साथ चार ट्रांसमिशन ऑप्शन मिल रहे हैं। इस महीने की शुरूआत में कार के लिए बुकिंग शुरू होने के बाद से मिली मजबूत प्रतिक्रिया से डिलीवरी की समयसीमा पर भी सवाल उठ सकते हैं, खासकर मौजूदा समय में जब सेमीकंडक्टर की कमी ने दुनिया भर में निमार्ताओं को प्रभावित किया है। हयूदै मोटर इंडिया लिमिटेड के निदेशक तरुण गर्ग ने बताया, वेन्यू की बहुत मजबूत मांग है और यह नए मॉडल के लिए पॉजिटिव रिस्पॉन्स से भी देखा गया है।

लेकिन जब मांग मजबूत होती है, तब भी यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि नई टेक्नोलॉजी और डिजाइन सामने लाए जाएं और यह कुछ ऐसा है जो हमें प्रेरित करता है। हम नए वेरिएंट को पेश करने के लिए मांग कम होने का इंतजार नहीं करते हैं। इस साल जनवरी से मई के बीच हयूदै इंडिया की कुल बिक्री में वेन्यू एसयूवी की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत रही, लेकिन कोरियाई कंपनी को भी भारत के सबसे बड़े कार निमार्ताओं में दूसरे स्थान के लिए टाटा मोटर्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। हुंडई इंडिया का कहना है कि कंपनी अब तक वेन्यू के लॉन्च होने के बाद से भारत में 3 लाख से ज्यादा यूनिट्स बेचने में कामयाब रही है। नई 2022 वेन्यू के लॉन्च के साथ यह इस नंबर में और ज्यादा इजाफा हो सकता है। नई वेन्यू के लॉन्च से बिक्री के आंकड़ों को और गति मिल सकती है, लेकिन हुंडई और यहां के अन्य प्रमुख ऑटो ब्रांडों के लिए मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई लाइनें पूरी तरह से अलग हो सकती हैं।

## आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, आषाढ कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि सप्तमी, सोमवासरे, शतभिषा नक्षत्रे, प्रीतयोगे, विवकरणे, कुंभ की चंद्रमा, भद्रा दो.2/36 तक जातकर्म, नामाकरण, अन्न प्रासन्न, वाहन क्रय विक्रय व्यापार मुर्हूत तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, प्रशासक, उत्तम वृत्ति वाला, कोमल हृदय पारदर्शी, सुंदर वृत्ति का धनी, धनी-मानी, खेती कार्य में निपुर्ण होगा।**

**मेष राशि - हर्ष, यात्रा, राजसुख, सफलता, आलस्य से हानि, गृह कलह तथा मानसिक अशांति रहेगी।**
**वृष राशि - विरोध होगा, व्यय से कष्ट, लाभ होगा, शिक्षा-लेखन कार्य में सफलता मिलेगी ध्यान दें।**
**मिथुन राशि - व्यापार में क्षति, यात्रा विवाद, उद्योग-व्यापार की स्थिति में कमी, हानि होगी।**
**कर्क राशि - शरीरादि मध्यम, भूमि व राजलाभ, असफलता का दिन, आलस्य का अनुभव होगा।**
**सिंह राशि - वाहन आदि भय, कष्ट, राज सुख, यात्रा होगी, शुभ कार्य में व्यवधान होगा।**
**कन्या राशि - व्यय, प्रवास, विरोध होगा, भूमि लाभ, राजकार्य में व्यवधान होगा, धैर्य से कार्य करें।**
**तुला राशि - रोगभय, यात्रा सुख, खर्च की अधिकता, व्यापार में सुधार हो सकता है, कार्य बनेंगे ध्यान दें।**
**वृश्चिक राशि - कार्य सिद्धी से लाभ, विरोध होगा, भूमि लाभ होगा, राजकार्य में व्यवस्था बनेगी।**
**धनु राशि - लाभ, यश, हर्ष होगा, धर्म में रुचि बढ़ेगी, यात्रा सामान्य रहेगी, शिक्षा जगत से ख्याति मिलेगी।**
**मकर राशि - विरोध, व्यापार से हानि, शरीर कष्ट, अधिक खर्च करने से कुछ कार्य होंगे।**
**कुंभ राशि - व्यय होगा, प्रभाव में वृद्धि होगी, रोगभय, प्रतिष्ठा प्राप्त होगी तथा विरोधी असफल अवश्य होंगे।**
**मीन राशि - राजभय, यशमान, लाभ, चोरी भय, कार्य में विलम्ब, परेशानी होगी ध्यान दें।**

# दिवंगत पिता को याद कर भावुक हुई स्वर्ण विजेता किरण



राष्ट्रीय चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक विजेता हरियाणा की एथलीट किरण पाहल ने कहा है कि दिवंगत पिता के सहयोग से ही आज वह यहां तक पहुंची है। किरण के पिता का पिछले महीने निधन हो गया था। किरण ने अपने पिछले संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा कि उनका परिवार बहुत गरीब था। किरण ने कहा, मेरे पिता घर में अकेले कमाने वाले सदस्य थे। मैं तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी हूं। हमारे परिवार के लिये यह कठिन दौर था। हमने आर्थिक दिक्कतों के कारण बहुत संघर्ष किया। उन्होंने कहा, मेरे पिता को गांव के लोग और पड़ोसी ताने मारते थे। मेरे गांव वाले कहते थे कि लड़कियों को नहीं खेलना चाहिए। अगर मैं खेलती रही तो मुझसे कोई शादी नहीं करेगा। किरण ने कहा, मैंने अपने पिता के कारण एथलेटिक्स में कदम रखा लेकिन वह अब हमारे बीच नहीं रहे। तब हमारे पास उनका इलाज अच्छे अस्पताल में कराने के लिये तक पैसे नहीं थे। मुझे इसका पछतावा है और मैं इस समय उन्हें याद कर रही हूं। किरण ने कहा, जब मैंने 10वीं कक्षा में एथलेटिक्स शुरू की थी तब मेरे पास दौड़ने के जूते और किट खरीदने के लिये पैसे नहीं थे। अभी मेरे कोच आशीष मेरी मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने इतनी परेशानियों के कारण कई बार खेल छोड़ने के बारे में सोचा था पर अब मैं अब इसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपने पिताजी के लिये कुछ बड़ा हासिल करना चाहती हूं। मेरी उपलब्धि की वजह मेरे पिताजी हैं और वह मेरी प्रेरणा हैं। गौरतब है कि पिछले महीने राज्य चैंपियनशिप में किरण ने 51.84 सेकेंड के समय के साथ सत्र का दूसरा सबसे तेज समय निकाला था। वहीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उसने 52.47 सेकेंड समय निकालकर महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश की रूपल चौधरी ने 52.72 के समय के साथ रजत पदक और तमिलनाडु की आर विथ्या रामराज ने 53.78 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

# हिमा दास इसी साल करेगी वापसी




अनुभवी धाविका हिमा दास ने कहा है कि वह इस साल के अंत तक 400 मीटर की रेस में वापसी कर सकती है। हिमा का कहना है कि इससे उन्हें एशियाई खेलों में 400 मीटर में भाग लेने से पहले तैयारियों का अच्छा अवसर मिलेगा। हिमा ने इससे पहले अप्रैल 2019 में दोहा में एशियाई चैंपियनशिप में 400 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया था पर तब भी वह पीठ दर्द के कारण बीच में ही दौड़ से हट गयीं थीं। हिमा ने इसके बाद साल 2019 में चेक गणराज्य में छोटी श्रेणी की दो प्रतियोगिताओं में 400 मीटर में दौड़ लगाई पर तब से उन्होंने इस दौड़ में भाग नहीं लिया। वह पीठ की चोट के कारण 2019 में विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाई थीं। हिमा ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप की 100 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करने के बाद कहा कि 400 मीटर दौड़ को मैंनें अपनी योजना से नहीं हटाया है पर इससे पहले वह पूरी तरह से फिट होना चाहती हैं। यह एक लंबी प्रक्रिया है। जब मैं चोटिल थी तो 400 मीटर दौड़ने में सक्षम नहीं थी क्योंकि तब मेरी पीठ के दाहिने तरफ बहुत दबाव पड़ रहा था। इसके बाद हुई फिजियोथेरेपी से मैं 30 मीटर, 40 मीटर, 50 मीटर, 100 मीटर और फिर 200 मीटर दौड़ने लगी। 300 मीटर तक मेरी स्थिति अच्छी रहती है। मैंने कुछ समय पहले यूरोप में 300 मीटर दौड़ लगाई थी। साथ ही कहा कि अब वह इस साल के आखिर में 400 मीटर दौड़ कब शुरू कर सकती है क्योंकि इससे एशियाई खेलों के लिए तैयारी शुरू हो जाएगी। हिमा को पिछले साल पटियाला में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप के दौरान भी चोट लगी थी। चोट के कारण उन्हें 100 मीटर और चार गुणा 100 मीटर रिले फाइनल से बाहर होना पड़ा था। वह 200 मीटर फाइनल में दौड़ी लेकिन पांचवें स्थान पर रहने के कारण टोक्यो ओलंपिक की टीम में जगह नहीं बना पाई थीं।

# जिमनास्ट आशीष ने लगाये भेदभाव के आरोप



शीर्ष पुरुष जिमनास्ट आशीष कुमार ने कहा है कि आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए हुए चयन ट्रायल में भेदभाव के आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे मुझे टीम में जगह मिलने की उम्मीदें नहीं हैं। साथ ही कहा कि एक महीने के बाद भी इस मामले में कोई कदम नहीं उठाये गये हैं जिससे दुखी होने के कारण मैं अवसाद में जा रहा हूं। आशीष ने भारतीय जिमनास्टिक महासंघ (जीएफआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को एक पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए चयन ट्रायल में उनके साथ न्याय नहीं हुआ है। इसके लिए ट्रायल्स 11 और 12 मई को हुए थे। उन्होंने ट्रायल्स में शीर्ष आठ जिमनास्ट के प्रदर्शन की वीडियो फुटेज की अंतरराष्ट्रीय जज से समीक्षा कराने की भी मांग की थी। वहीं साई ने इसके बाद जिमनास्टिक महासंघ से इस संबंध में रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा साथ ही यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगा। आशीष ने कहा कि इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई यह अभी तक जीएफआई और साई ने नहीं बताया है। इससे उनकी उम्मीदें हर बीत रहे दिन के साथ ही कम होती जा रही हैं। साथ ही कहा, मैं इस पूरे प्रकरण से अवसाद का अनुभव महसूस कर रहा हूं। मैं नहीं जानता कि मैं ट्रेनिंग क्यूं कर रहा हूं। जब आपको पता ही नहीं है कि आप राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले पाओगे या नहीं तो संशय की हालत में ट्रेनिंग किस प्रकार से जारी रखी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में जीएफआई अध्यक्ष सुधीर मित्तल ने कहा कि उन्होंने रिपोर्ट सौंप दी है और अब फैसला साई को करना है।

# मुंबई और मप्र के बीच 22 जून से खेला जाएगा रणजी ट्रॉफी मुकाबला

**बैंगलोर (ईएमएस)।** मुम्बई ओर मध्यप्रदेश के बीच 22 जून से रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेला जाएगा। मध्यप्रदेश ने जहां एक सेमीफाइनल में बंगाल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। वहीं मुम्बई और उत्तर प्रदेश के बीच सेमीफाइनल मैच में कोई परिणाम नहीं निकला। इससे पहली पारी में बढ़त लेने वाली मुम्बई की टीम फाइनल में पहुंच गयी। फायनल मुकाबला 22 जून से 26 जून के बीच बैंगलोर के चेन्ना स्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 341 और दूसरी पारी में 281 रन बनाए थे। वहीं पहली पारी में बंगाल की टीम 273 रन ही बना पाई। इसके बाद बंगाल को जीत के लिए 350 रनों का लक्ष्य मिला जिसके जवाब में बंगाल की टीम के 175 रन ही बना पायी। इस प्रकार मप्र की टीम 174 रनों की जीत के साथ ही 23 साल बाद रणजी सेमीफाइनल में पहुंच गई। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में मुम्बई ने पहली पारी में 393 रन बनाने के बाद उत्तर प्रदेश को केवल 180 रनों पर ही आउट कर दिया। दूसरी पारी में मुंबई की टीम को आउट करने में उत्तर प्रदेश के गेंदबाज नाकाम रहे।

# मैच फिक्सिंग मामले से बदहाल हुए केर्न्स



न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर क्रिस केर्न्स 52 साल के हो गये हैं। हाल में कैंसर की बीमारी के कारण हुई सर्जरी में वह बड़ी मुश्किल से जिंदगी की जंग जीते थी। केर्न्स विश्व के शीर्ष ऑलरांडर्स में शामिल थे जिन्होंने कई बार कीवी टीम को जीत दिलायी थी। 19 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से ही वह एक मैच विजेता खिलाड़ी के तौर पर उभरे थे। केर्न्स हालांकि विवादों में भी रहे ओर उनपर मैच फिक्सिंग के भी आरोप लगे। केर्न्स ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। साल 1989 में जॉन राइट की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू करने वाले क्रिस केर्न्स ने 62 टेस्ट मैचों में 3320 रन बनाए और 218 विकेट लिए। वहीं टेस्ट में उन्होंने 13 बार पांच विकेट हासिल कर हॉल ऑफ फेम पर कब्जा किया। एक बार उन्होंने मैच में 10 विकेट भी लिए थे। वहीं 218 एकदिवसीय मैचों में इस खिलाड़ी ने 4950 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 201 विकेट भी लिए हैं। केर्न्स ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 9 शतक और 48 अर्धशतक लगाये हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी इस खिलाड़ी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। इस क्रिकेटर ने फर्स्ट क्लास और लिस्ट ए दोनों में 10 हजार से ज्यादा रन बनाने के साथ ही 1100 से ज्यादा विकेट लिए। साल 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले केर्न्स पर मैच फिक्सिंग के भी आरोप लगे थे पर ये आरोप साबित नहीं हो पाये थे। केर्न्स ने क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद साल 2010 में दुबई में हीरे का व्यापार शुरू किया पर 2013 में मैच फिक्सिंग के आरोप में उनका पैसा जब्त कर लिया गया। इसके बाद से ही यह क्रिकेट आर्थिक संकट में फंस गया।

# भारतीय हॉकी टीम शूटआउट में नीदरलैंड से हारी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण के पहले ही मैच में नीदरलैंड से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में नियमित समय तक दोनो ही टीमें 2-2 से बराबरी पर थी लेकिन शूटआउट में नीदरलैंड ने बाजी मार ली। नीदरलैंड ने शूटआउट में 1-4 से जीत दर्ज की। इस हार के साथ ही भारतीय टीम की खिताब हासिल करने की संभावनाएं अन्य टीमों पर भी निर्भर हो गयी हैं। इस मैच से भारत को केवल एक अंक ही मिला। इस प्राकर 15 मुकाबलों के बाद भारतीय टीम के पास अब केवल 30 अंक हो गये हैं। वहीं अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार नीदरलैंड के 13 मैचों में 33 अंक हैं जबकि बेल्जियम के 14 मैचों में 31 अंक हैं। अभी नीदरलैंड को तीन जबकि बेल्जियम को दो मैच और खेलने हैं। भारतीय टीम की ओर से दिलप्रीत सिंह ने 22वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद हरमनप्रीत सिंह ने सैच समाप्त होने से ठीक पहले बराबरी का गोल किया। इस मैच में दोनो ही टीमों ने आक्रामक खेल खेला। नीदरलैंड की ओर से तिजमेन रेयेंग ने 10वें मिनट में एक गोल किया। भारत की ओर से मैच के 22वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने वरूण कुमार के पास पर मैदानी गोल किया। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। मैच के अंतिम क्वार्टर में 47 मिनट में कोएन बिजेन के मैदानी गोल से नीदरलैंड को फिर बढ़त मिल गयी। अंतिम 23 सेकंड में भारत ने को पेनाल्टी कार्नर मिला जिसपर गोल करने में हरमनप्रीत ने कोई गलती नहीं की और स्कोर को 2-2 से बराबरी पर ला दिया हालांकि किन शूट आउट में भारतीय टीम अवसरों का लाभ नहीं उठा पायी।

# गुरुनायडू विश्व युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने




भारत के 16 वर्षीय गुरुनायडू सनापति ने मैक्सिको में जारी अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) की विश्व युवा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। सनापति पहले भारतीय भारोत्तोलक हैं जिन्हें यहां स्वर्ण मिला है। इस भारतीय भारोत्तोलक ने 55 किग्रा भार वर्ग में कुल 230 किग्रा (104 किग्रा और 126 किग्रा) बजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं सऊदी अरब के अली मजीद ने कुल 229 किग्रा (105 किग्रा और 124 किग्रा) वजन उठाकर दूसरा जबकि कजाकिस्तान के येरासिल उमरोव ने 224 किग्रा (100 किग्रा और 124 किग्रा) के साथ ही तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में भारत की ही सौम्या एस दलवी को कांस्य पदक मिला। दलवी ने लड़कियों के 45 किग्रा में 148 किग्रा (65 किग्रा और 83 किग्रा) भार उठाया। फिलीपींस की रोज ए रामोस ने 155 किग्रा (70 किग्रा और 85 किग्रा) के साथ ही स्वर्ण व वेनेजुएला की केर्लिस एम मोंटिला ने कुल 153 किग्रा (71 किग्रा और 82 किग्रा) के साथ ही दूसरा स्थान हासिल किया।

# सैमी को मिली बड़ी जिम्मेदारी... सैंट लूसिया टीम के हेड कोच बने



**मुंबई (ईएमएस)।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2022 (सीपीएल) के नए सीजन की घोषणा हो चुकी है। इस टी20 लीग की फ्रेंचाइजी सैंट लूसिया ने वेस्टइंडीज के दो बार के टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान डैरेन सैमी को बड़ी जिम्मेदारी दी है। सीपीएल के आगामी सीजन में सैमी सैंट लूसिया टीम के हेड कोच के रूप में नजर आएंगे। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा 17 जून को की। सीपीएल के नए सीजन का आगाज 30 से 30 सितंबर तक होगा। बात दें कि सैमी की कप्तानी में वेस्टइंडीज ने 2012 और 2016 में टी20 विश्व कप अपने नाम किया था। बतौर खिलाड़ी डैरेन सैमी ने सैंट लूसिया (पहले सैंट लूसिया जॉक्स) को दो बार 2020 और 2021 में फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। फ्रेंचाइजी ने पिछले साल ऐलान किया था कि सैमी सीपीएल के अगले सीजन में बतौर खिलाड़ी मैदान पर नहीं उतरने वाले है। सैंट लूसिया टीम का हेड कोच बनने के बाद डैरेन सैमी ने कहा, सैंट लूसिया हमेशा मेरा घर रहा है और आगे भी रहेगा। यह हमेशा मेरे खेलने के दिनों के बाद फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने की योजना का हिस्सा था। मैं इस फ्रेंचाइजी के साथ अब नई शुरूआत को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता क्योंकि हम आगे बढ़ रहे हैं। हम पहली सीपीएल खिताब जीतने की ओर देख रहे हैं। इस भूमिका के लिए मुझपर विश्वास जताने के वाले फ्रेंचाइजी मालिकों का बहुत बहुत शुक्रिया। सैंट लूसिया किंग्स ने लगातार दो साल 2020 और 2021 में फाइनल खेले हैं। हालांकि इस दौरान फ्रेंचाइजी खिताब जीतने में असफल रही। सैमी इस फ्रेंचाइजी के साथ साल 2013 से जुड़े हुए हैं। नई भूमिका में सैमी अब टीम को खिताब जीताने की ओर देख रहे हैं।

# मेरे क्रिकेट खेल के जुनुने ने मुझे टीम का फिनिशनर बना दिया : दिनेश कार्तिक



**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 में दिनेश कार्तिक की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी से भारत ने 82 रन से जीत हासिल की। जीत के साथ ही टीम इंडिया सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली। मैच में कार्तिक ने 27 गेंद में 55 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 9 चौके और 2 छक्का भी लगाया। वहीं डेब्यू के 16 साल बाद कार्तिक ने टी20 इंटरनेशनल में अपना अर्धशतक जड़ा। कार्तिक को उनके शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्तिक ने बताया कि कैसे उन्होंने अपने खेल में बदलाव कर वह टीम के लिए फिनिश भूमिका में पहुंचे हैं। कार्तिक ने कहा, 'मैं किसी भी हाल में भारत के लिए विश्व कप खेलना चाहता हूं। इस जूनुन के कारण मैं यहां तक पहुंचा हूं। मैं इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मैं बस टीम इंडिया के लिए कुछ खास करना चाहता हूं और मुझे पता है कि भारत के लिए खेलना मेरे लिए कितना महत्वपूर्ण है।' कार्तिक ने कहा, मैंने अपनी तरफ से मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ा। किस्मत से आरसीबी ने मुझे एक प्लेटफॉर्म दिया। वहां जो जिम्मेदारी मुझे मिली उसी को मैने आगे बढ़ाया है। अब टीम इंडिया के लिए भी मैं परिस्थितियों के आधार पर अपना शत प्रतिशत देने की तैयारी में हूं।' बता दें कि आईपीएल 2022 से पहले जब दिनेश कार्तिक को कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया था, तब कहा जाने लगा कि उनका करियर खत्म हो चुका है। टीम इंडिया में उनकी जगह नहीं बन पा रही थी, तब वह कमेंट्री करने लगे लेकिन भारत के लिए खेलने का उनका पागलपन कम नहीं। इसके लिए कार्तिक ने मेहनत जारी रखी और आरसीबी के लिए सीजन-15 में जो किया उससे अब विश्व कप में खेलने का उनका सपना पूरा होता हुआ नजर आ रहा है। इसके बाद कार्तिक को अलग टी20 विश्व कप में जगह मिलती है, तब कुछ इसतरह के खिलाड़ी भी होंगे जिनकी टीम से छुट्टी हो सकती है। कार्तिक बल्लेबाजी के साथ टीम के लिए विकेटकीपिंग में भी एक विकल्प रहेंगे।




पेरिस में डायमंड लीग एथलेटिक्स में छलांग लगाते हुए यूक्रेन के यारोसलेव महूसिक। (फोटो-ईएमएस)

# फीफा वर्ल्डकप में जुटेंगे 12 लाख से अधिक दर्शक, कतर सरकार क्रूज पर ठहराने के अलावा बड़ौइन टैंट की भी करेगी व्यवस्था

**दोहा (ईएमएस)।** फीफा विश्व कप 2022 को भव्य बनाने के लिए कतर सरकार दिन प्रति दिन नई व्यवस्थाएं कर रही है। समुद्र किनारे क्रूज में फैंस को ठहराने के अलावा सरकार दर्शकों के लिए पारंपरिक 1000 बडौइन टैंट भी बनाएगी। इन टैंट में सभी तरह की सुविधाएं होंगी। 28 दिवसीय फीफा विश्व कप में प्रबंधन को इस मुकाबले के लिए 1.2 मिलियन दर्शकों के आने की उम्मीद है। यह कतर की आबादी का लगभग आधा हिस्सा है। फैंस इतने हैं कि उतने कतर के होटलों में कमरे नहीं है। ऐसे में कतर सरकार ने फैंस को रॉयल महसूस कराने के उद्देश्य से रेगिस्तान में पारंपरिक बेडौइन टैंट बनाने की योजना बनाई है। इनकी संख्या 1000 होगी। इन टैंट में तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। टूर्नामेंट के आयोजक सुप्रीम कमेटी फॉर डिलीवरी एंड लिगेसी उमर अल-जबर ने कहा दोहा के आसपास के रेगिस्तानी इलाके में इसकी व्यवस्था की जाएगी। हम प्रशंसकों को एक रेगिस्तान में रहने का मौका देंगे। इनमें 200 टैंट विशेष होंगे, जिसकी फैंस को फीस देनी होगी। कतर पर्यटन के अनुसार- कतर में 30,000 से कम होटल कमरे हैं, जिनमें से 80 प्रतिशत फीफा विश्व कप मेहमानों के लिए आवंटित किए गए हैं। इनमें कम से कम 69,000 कमरे उपलब्ध होंगे।

इसका प्रबंधन यूरोप के सबसे बड़े होटल संचालक एकोर द्वारा किया जाएगा। प्रबंधन का मानना है कि विश्व कप के दौरान कुल 1 लाख कमरों की जरूरत होगी जिसका प्रबंध किया जाएगा। कतर ने क्षेत्रीय एयरलाइनों को 180 से अधिक डेली सर्विस देने के लिए आमंत्रित किया है। इससे प्रशंसकों को पास के शहरों में जाने में सुविधा होगी। दोहा में हमाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 2022 फीफा विश्व कप का आधिकारिक पोस्टर लॉन्च किए गए। पोस्टर को कतर के कलाकार बुथैना अल मुफ्ताह ने डिजाइन किया है। अल मुफ्ताह ने कहा मैं चाहती थी कि प्रत्येक पोस्टर कतर में उत्सव और फुटबॉल के प्रशंसकों को दिखाए। ऐसा तब होता है जब गोल होने पर प्रशंसक खुशी व्यक्त करता है। इसमें अल थुमामा स्टेडियम के डिजाइन और शुभंकर लाईब की आकृति भी दिखती है। फीफा के विपणन निदेशक जीन-फ्रांस्वा पैथी ने कहा- कतर 2022 के लिए आधिकारिक पोस्टर कतर की कलात्मक और फुटबॉल विरासत का एक वायुमंडलीय प्रतिबिंब है। हमें पोस्टर की इस खूबसूरत श्रृंखला पर बहुत गर्व है जो कतर के फुटबॉल के जुनून को चित्रित करता है। यह मैच 5 शहरों के 8 स्टेडियम में खेला जाएगा-अल बेयट स्टेडियम, खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम, अल थुमामा स्टेडियम, अहमद बिन अली स्टेडियम, लुसैल स्टेडियम, रास अबू अबूद स्टेडियम, एजुकेशन सिटी स्टेडियम, अल जानौब स्टेडियम। 21 नवंबर 2022 को टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह कतर के लुसैल आइकॉनिक स्टेडियम में होगा जबकि फाइनल मुकाबला भी इसी स्टेडियम पर 18 दिसंबर 2022 को आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में 32 टीमें हिस्सा लेंगी। जिन्हें आठ पूलों में बाटा गया हैं। ये पूल इस प्रकार हैं -

ग्रुप-ए : कतर (मेजबान), इक्वाडोर, सेनेगल, नीदरलैंड
ग्रुप-बी : इंगलैंड, ईरान, संयुक्त राज्य अमरीका, वेल्स
ग्रुप-सी : अर्जेंटीना, सऊदी अरब, मैक्सिको, पोलैंड
ग्रुप-डी : फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया डैनमार्क, ट्यूनीशिया
ग्रुप-ई : स्पेन, कोस्टा रिका, जर्मनी, जापान
ग्रुप-एफ : बैल्जियम, कनाडा, मोरक्को, क्रोएशिया
ग्रुप-जी : ब्राजील, सर्बिया, स्विट्जरलैंड, कैमरून
ग्रुप-एच : पुर्तगाल, घाना, उरुग्वे, दक्षिण कोरिया

# तीनों सेनाओं का ऐलान- अग्निपथ योजना किसी भी रूप में वापस नहीं होगी

- तीनों सेनाओं में जोश और होश के बीच संतुलन बनाएगी 'अग्निपथ' योजना
- सेना में औसत आयु 32 के बजाय 26 साल करने के लिए योजना लाई गई

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ रविवार को अग्निवीर भर्ती योजना की समीक्षा के बाद ऐलान किया गया है कि अग्निपथ योजना किसी भी रूप में वापस नहीं होगी। तीनों सेनाओं की ओर से साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अग्निवीरों की भर्ती योजना के बारे में आन्दोलनकारियों को विस्तार से समझाने की कोशिश की गई। भारतीय सेना को इस समय युवाओं की जरूरत है, यह सुधार लंबे समय से लंबित था। आज बड़ी संख्या में जवान अपने जीवन के तीसरे दशक में हैं, इसलिए सेना में औसत आयु 26 साल करने के लिए यह योजना लाई गई है। अग्निपथ योजना पर साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत सैन्य मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने की। उन्होंने कहा कि योजना की घोषणा होने के बाद विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए घोषित की गईं आरक्षण के संबंध में घोषणाएं पूर्व नियोजित थीं। यह घोषणाएं अग्निपथ योजना की घोषणा के बाद देश भर हुई आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ की प्रतिक्रिया में नहीं की गई हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की नींव में अनुशासन है, इसलिए आगजनी, तोड़फोड़ के लिए कोई जगह नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति एक प्रमाण पत्र देगा कि वे विरोध या बर्बरता का हिस्सा नहीं थे। पुलिस वेरिफिकेशन 100% है, उसके बिना कोई भी शामिल नहीं हो सकता। कोचिंग संस्थान छात्रों को भड़का और उकसा रहे हैं लेकिन उन्हें हिंसा और प्रदर्शन




में हिस्सा नहीं लेना चाहिए। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने कहा कि भारतीय सेना को इस समय युवाओं की जरूरत है, यह सुधार 1989 से लंबित था। इस योजना के तहत हम सेना में मौजूदा सैनिकों के अनुभव के साथ युवावस्था को लाना चाहते हैं।

आज सेना में जवानों की औसत आयु लगभग 32 वर्ष है, लेकिन आने वाले 6-7 वर्षों में यह और कम होकर 26 वर्ष हो जाएगी। देश के युवाओं की क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए उन्हें भविष्य का सैनिक बनाने की आवश्यकता है। इस साल 40 हजार से शुरू होने वाली भर्ती से निकट भविष्य में सेनाओं में 'अग्निवीरों' की संख्या 1.25 लाख हो जाएगी। बुनियादी क्षमता का निर्माण करने के लिए हमने योजना का विश्लेषण करने के लिए 46 हजार से शुरूआत की है। अगले 4-5 वर्षों में प्रतिवर्ष 50 से 60 हजार और बाद में बढ़कर 90 हजार से 1 लाख हो जाएगी। सैन्य मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव ने कहा कि हम इस सुधार के साथ सेना में युवावस्था और अनुभव को साथ लाना चाहते हैं। सेना में अनुशासनहीनता की कोई जगह नहीं है, इसलिए अग्निवीरों को भी कुशल प्रशिक्षण के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और अनुशासन में रहने की भी ट्रेनिंग दी जाएगी। अग्निवीरों को मिलने वाले भत्तों के बारे में कहा कि 'अग्निवीर' को सियाचिन और अन्य क्षेत्रों जैसे क्षेत्रों में वही भत्ता मिलेगा जो वर्तमान में सेवारत नियमित सैनिकों को मिलता है। सेवा शर्तों में उनके साथ कोई भेदभाव नहीं होगा।देश की सेवा में अपना जीवन कुर्बान करने वाले 'अग्निवीर' को एक करोड़ रुपये का मुआवजा मिलेगा। लेफ्टिनेंट जनरल बंशी पुनप्पा ने कहा कि सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए 1 जुलाई को नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा जिसके बाद लोग रजिस्ट्रेशन शुरू कर सकते हैं। भर्ती के लिए पहली रैली अगस्त के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी जिसमें फिजिकल टेस्ट और मेडिकल होगा। उसके बाद एंट्रेंस एग्जाम होगा फिर उन्हें कॉलम में मेरिट के हिसाब से भेजेंगे।

अगस्त से लेकर नवंबर तक 2 बैच में रैलियां होंगी। पहले लॉट में 25 हजार अग्निवीर दिसंबर के पहले सप्ताह में आएंगे। अग्निवीरों का दूसरा जत्था फरवरी में आएगा। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य में हर आखिरी गांव तक कुल 83 भारतीय रैलियां होंगी। वायु सेना में 24 जून से बहाली शुरू होगी, जबकि नेवी में बहाली के लिए 25 जून को नोटिफिकेशन आएगा। नौसेना के वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के अनुसार अगले दो-तीन दिनों में 25 जून तक हमारा विज्ञापन मंत्रालय तक पहुंच जाएगा। 21 नवंबर को नेवी के अग्निवीर का पहला बैच आईएन एसचिल्का ओडिशा में रिपोर्ट करना शुरू कर देगा। हम महिलाओं को भी अग्निवीर बना रहे हैं।

# 'अग्निपथ' योजना युवाओं और सेना के हित में नहीं: प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि केन्द्र सरकार की सेना में भर्ती से जुड़ी अग्निपथ योजना युवाओं और सेना के हित में नहीं है और इस तरह की जनविरोधी सरकार को सत्ता से हटा देना चाहिए। कांग्रेस ने अग्निपथ योजना के खिलाफ युवाओं के समर्थन में रविवार को सत्याग्रह नाम से दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सेना में भर्ती से जुड़ी इस नई योजना को वापस लिए जाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस सांसदों और पार्टी कार्यसमिति के पदाधिकारियों ने शिरकत की। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी भी प्रदर्शन में भाग लेने जंतर-मंतर पहुंची। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना देश के युवाओं को मार डालेगी। इस योजना से सेना खत्म हो जाएगी। जनता को चाहिए की लोकतांत्रिक तरीके से वर्तमान की केन्द्र सरकार को गिराए। प्रियंका ने कवि हरिवशं राय बच्चन की अग्निपथ नामक कविता की कुछ पंक्तियां भी पड़ी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं का दर्द समझ रही है। पार्टी उनके साथ खड़ी है और आह्वान करती है कि लोकतांत्रिक तरीकों से सरकार का




विरोध जारी रहे। उन्होंने युवाओं से हिंसा का रास्ता न अपनाने की अपील की। धरने के दौरान पार्टी के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि अग्निपथ योजना दिशाहीन है और युवाओं को हिंसा की जगह अहिंसा का रास्ते अपनाते हुए इसका विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को अपनी सेना और उसके जवानों पर गर्व है। वर्तमान सरकार नौजवानों के फौजी बनने के सपने को तोड़ रही है। ऐसे में उनका साथ देना हमारा फर्ज है। अग्निपथ योजना युवाओं के सपने को मिट्टी मिला देना वाली है। चौधरी ने कहा कि देश वर्तमान में दो फ्रंट पर लड़ाई लड़ रहा है और इस दौरान सरकार का सेना के साथ खिलवाड़ ठीक नहीं है। सत्याग्रह के दौरान पार्टी नेताओं ने एक-एक कर अपना पक्ष रखा। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि सरकार युवाओं के रोजगार से खिलवाड़ कर रही है। अग्निपथ योजना को लाने से पहले सरकार ने सबके साथ विमर्श नहीं किया। कांग्रेस नेता दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि योजना के खिलाफ हो रही हिंसा और आगजनी के लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार है। योजना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से भी समझौता करती है। पार्टी नेता सचिन पायलट ने कहा कि सरकार योजना को पेंशन बिल घटाने के लिए लाई है और इससे पहले कोई विशेष चर्चा नहीं की गई। पार्टी नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि युवाओं को योजना के विरोध में हिंसा नहीं कर चाहिए। कांग्रेस पार्टी उनके साथ है और हम योजना को वापस लिए जाने तक संघर्ष करते रहेंगे।

# पटना एयरपोर्ट पर स्पाइस जेट की आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**पटना, (हि.स.)।** जय प्रकाश नारायण हवाईअड्डा पटना में रविवार 12 बजे के करीब स्पाइस जेट की फ्लाइट संख्या एसजी-725 के इंजन में आग लग गई। विमान पटना से दिल्ली जा रहा था। आग लगने के बाद फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई है। आग लगने से इंजन से धुआं निकलने लगा। इसके बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। फ्लाइट यात्रियों से भरी हुई थी। फ्लाइट को सुरक्षित लैंड करा लिया गया है। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। मौके पर एंबुलेंस पहुंच गई है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि किस वजह से इंजन में आग लगी है। जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने मीडिया को बताया कि पक्षी के टकराने (बर्ड हिटिंग) की वजह से इंजन में आग लगी होगी। अभी जांच की जा रही है। पटना के एसएसपी




मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि विमान के उड़ान भरते ही उसके एक इंजन से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद विमान की एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग करवाई गई। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। विमान के इंजन में आग किस वजह से लगी इसका पता अभी नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के बाहर एंबुलेंस तैनात कर दी गई है। अगर जरूरत पड़ी तो तुरंत मेडिकल ट्रीटमेंट दिया जा सके। विमान में आग को बुझाने की कोशिश जारी है। एयरपोर्ट पर अतिरिक्त फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी बुलाई गई हैं।

# विधान परिषद चुनाव: शिवसेना की भूमिका से कांग्रेस की मुश्किल बढ़ी

**-महाराष्ट्र के 285 विधायक मुंबई के चार आलीशान होटलों में**

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र विधानपरिषद की 10 रिक्त सीटों के लिए सोमवार को होने वाले चुनाव में शिवसेना की एकला चलो की भूमिका से कांग्रेस की मुश्किल बढ़ गई है। इसका असर आगामी दिनों में राज्य की महाविकास आघाड़ी सरकार पर पड़ने के आसार नजर आने लगे हैं। क्रास वोटिंग की संभावना से सभी राजनीतिक दल डरे हुए हैं। इसी वजह से महाराष्ट्र के सभी 285 विधायकों को मुंबई के चार आलीशान होटलों में रखा गया है। राज्यसभा चुनाव में शिवसेना के उम्मीदवार संजय पवार की हार से सबक लेते हुए शिवसेना विधान परिषद चुनाव में एकला चलो के रास्ते पर है। शिवसेना ने तय किया है कि वह अपने अतिरिक्त विधायकों का वोट सहयोगी दल कांग्रेस तथा राकांपा को नहीं देगी। विधान परिषद के एक उम्मीदवार को जीतने के लिए 26 विधायकों के वोट की जरूरत है। महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 सदस्य हैं। इनमें शिवसेना के एक विधायक की मौत हो गई है, जबकि दो विधायक जेल में हैं और दोनों को वोटिंग की अनुमति कोर्ट ने नहीं दी है। इसलिए विधान परिषद के लिए कुल 285 विधायक मतदान करने वाले हैं। शिवसेना के 55 विधायक हैं और उनके दो उम्मीदवार सचिन अहीर तथा आमसा पाडवी मैदान में हैं। इन दोनों को जीतने के लिए 52 विधायकों के वोट की जरूरत है, लेकिन शिवसेना अपने बचे हुए तीन वोट कांग्रेस, राकांपा को देने के लिए फिलहाल तैयार नहीं है। इसी तरह राकांपा के 55 विधायक हैं। इनमें से दो विधायकों नवाब मलिक तथा अनिल देशमुख जेल में होने की वजह राकांपा के दो वोट कम हो गए हैं। इस तरह राकांपा के उम्मीदवार राजराजे निंबालकर तथा एकनाथ खडसे भी कोई भी धोखा टालने के लिए अतिरिक्त वोट की तलाश में हैं। कांग्रेस के कुल 44 विधायक हैं। कांग्रेस ने चंद्रकांत हंडोरे और अशोक उर्फ भाई जगताप को मैदान में उतारा है। कांग्रेस को दोनों उम्मीदवार को जिताने के लिए 8 अतिरिक्त वोटों की जरूरत है, इसलिए कांग्रेस 8 से 10 वोटों की तलाश कर रही है। कांग्रेस अतिरिक्त मतों के लिए छोटे दलों सहित निर्दलीय विधायकों से संपर्क कर रही है। भाजपा के पास 106 विधायक हैं तथा 7 निर्दलीय विधायकों का समर्थन है।

# प्रधानमंत्री आज कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20-21 जून को कर्नाटक के दौरे पर रहेंगे। राज्य की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री बेंगलुरु में 27000 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल और सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मैसूर में एक सामूहिक योग प्रदर्शन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 और 21 जून को कर्नाटक का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 20 जून को दोपहर करीब 12:30 बजे भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु जाएंगे, जहां वे सेंटर फॉर ब्रेन रिसर्च (सीबीआर) का उद्घाटन करेंगे और बागची-पार्थसारथी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखेंगे। वह दोपहर लगभग 1:45 बजे डॉ बी आर अंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (बेस), बेंगलुरु का दौरा करेंगे, जहां वे बेस यूनिवर्सिटी के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे और डॉ बी आर अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। वह राष्ट्र को 150 'प्रौद्योगिकी हब' भी समर्पित करेंगे जिन्हें कर्नाटक में आईटीआई को बदलकर विकसित किया गया है। इसके बाद, लगभग 2:45 बजे, प्रधानमंत्री बेंगलुरु के कोम्मघट्टा पहुंचेंगे, जहां वे 27000 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल और सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। फिर शाम लगभग 5:30 बजे, प्रधानमंत्री महाराजा कॉलेज ग्राउंड, मैसूर में एक सार्वजनिक समारोह में भाग लेंगे, जहां वे नागनहल्ली रेलवे स्टेशन पर कोचिंग टर्मिनल की आधारशिला रखेंगे और एआईआईएसएच में 'संचार विकार वाले व्यक्तियों के लिए उत्कृष्टता केंद्र' राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद, लगभग 7 बजे, प्रधानमंत्री श्री सुत्तूर मठ, मैसूर जाएंगे और लगभग 7:45 बजे, वे श्री चामुंडेश्वरी मंदिर, मैसूर जाएंगे। 21 जून को 8वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री मैसूर पैलेस ग्राउंड, मैसूर में सुबह करीब 06:30 बजे एक सामूहिक योग प्रदर्शन में हजारों प्रतिभागियों के साथ भाग लेंगे।

# बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'खान क्वेस्ट' में 16 देशों के साथ शामिल हुई भारतीय महिला सैनिक

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सेना की महिला सैनिकों ने मंगोलिया के उलानबटार में चार दिवसीय महिला शांति और सुरक्षा संगोष्ठी में भाग लिया। इस संगोष्ठी में 30 देशों की महिला शांति रक्षक भी शामिल हुईं। यह महिला सैनिक भारतीय सेना दल के रूप में बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'खान क्वेस्ट' का भी हिस्सा बनीं। इसमें लगभग 94 अमेरिकी सैन्य कर्मी और मंगोलियाई सशस्त्र बल के 956 कर्मियों के साथ कुल 1050 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। भारत के अलावा इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास में 16 अन्य देशों की सेनाओं ने भाग लिया। मंगोलिया के फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में 6 जून से शुरू हुआ अभ्यास 'खान क्वेस्ट' 17 जून को खत्म हुआ। मंगोलियाई सशस्त्र बल और यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड के साथ भारतीय महिला सैनिक भी शामिल हुईं। खान क्वेस्ट अभ्यास नियमित रूप से होने वाला बहुराष्ट्रीय अभ्यास है जिसे प्रतिवर्ष मंगोलियाई सशस्त्र बलों की ओर से आयोजित किया जाता है। यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास का सह-प्रायोजित है। क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए अभ्यासों की श्रृंखला में यह सबसे नवीनतम है। इस वर्ष मंगोलिया के पहले संयुक्त



राष्ट्र शांति स्थापना योगदान की 20वीं वर्षगांठ है। खान क्वेस्ट-2022 में एक संयुक्त ब्रिगेड-स्तरीय कमांड पोस्ट अभ्यास और बटालियन-स्तरीय फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास शामिल हैं। यह वास्तविक परिदृश्य के भीतर शांति बनाए रखने के संचालन पर केंद्रित है और मानवीय संगठनों और मेजबान राष्ट्र भागीदारों के साथ समन्वय करता है। इसमें लगभग 94 अमेरिकी सैन्य कर्मी और मंगोलियाई सशस्त्र बल के 956 कर्मियों के साथ कुल 1050 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अभ्यास में शामिल प्रतिभागियों को संयुक्त राष्ट्र प्रशिक्षण और वास्तविक शांति समर्थन संचालन के माध्यम से मान्यता दी गई। अभ्यास में भाग लेने वाले देशों के बीच संयुक्त राष्ट्र के शांति स्थापना अभियान में इंटरऑपरेबिलिटी और सैन्य संबंधों को भी बढ़ावा मिला। भारतीय सेना के अलावा इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास में 16 अन्य देशों ने भी भाग लिया। मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागिन खुरेलसुख ने मेजबान के रूप में अभ्यास का उद्घाटन किया था। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व लद्दाख स्काउट्स के एक दल ने किया। 14 दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य इसमें भाग लेने वाले देशों के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना, सैन्य से सैन्य संबंधों का निर्माण, शांति सहायता संचालन और सैन्य तैयारी विकसित करना था। अभ्यास में भाग लेने वाले देशों के सशस्त्र बलों के बीच प्रशिक्षण अभ्यास, युद्ध चर्चा, व्याख्यान और प्रदर्शन भी शामिल था। इस सैन्य अभ्यास ने भारतीय सेना और अन्य देशों के बीच विशेष रूप से मंगोलियाई सशस्त्र बलों के साथ रक्षा सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने में मदद की।


## हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक

अनिल सेठी

नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक

संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

## सदस्य एवं रिपोर्टर

- राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
- वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
- अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
- मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
- अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
- अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
- श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
- नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
- ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
- ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
- फ्रमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
- पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

## उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

83750 00628

## ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-

Visiting Card Size Advertisements:

Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-

Inner Page Rs.3000/-

# एक हजार आंसू रोई हैं और अभी भी मुस्कुरा रही हैं

## -तमिल अभिनेत्री आठ्मिका ने इंस्टाग्राम पर डाली



**चेन्नई (ईएमएस)।** तमिल अभिनेत्री आठ्मिका ने इंस्टाग्राम पर एक छोटी सी पोस्ट की जिसमें लिखा है "इस महिला ने एक हजार लड़ाइयां लड़ी हैं और अभी भी खड़ी हैं। एक हजार आंसू रोई हैं और अभी भी मुस्कुरा रही हैं।" "टूट गया है, धोखा दिया गया है, त्याग दिया गया है, अस्वीकार कर दिया गया है, लेकिन वह अभी भी गर्व से चलती है। जोर से हंसती है, बिना किसी डर के रहती है, बिना किसी संदेह के प्यार करती है।" "यह महिला सुंदर है। यह महिला विनम्र है। यह महिला मैं है, कई बार वास्तविक होने का साहस पाना भी दुर्लभ लगता है।" कुछ दिनों पहले, अभिनेत्री ने अपनी हाल ही में क्लिक की गई एक तस्वीर पोस्ट की थी और कहा था, "सारी हलचल के बीच, इस तस्वीर को क्लिक करने के लिए एक पल के लिए रुक गया, बस यह प्रतिबिंबित करने के लिए कि मैं आप सभी के लिए कितना आभारी हूं। आप बहुत मायने रखते हैं, धन्यवाद। आपको सिर्फ प्यार, प्यार, प्यार और सकारात्मकता भेज रही हूं।" बता दें कि अभिनेत्री की फिल्में 'कटेरी' और 'नरगसूरन' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ये दोनों ही फिल्में जल्द ही रीलिज होने वाली है।

# जबरदस्ती डेटिंग ऐप से जुड़वाया बेटी ने : सुचित्रा

## -शेखर कपूर से तलाक के बाद बदल गई थी लाइफ



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की ऐक्ट्रेस और सिंगर सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में बेटी कावेरी के बारे में बात की और बताया कि एक सिंगल पैरंट होने के नाते उन्होंने बेटी के साथ कभी सख्ती नहीं बरती। एक बार तो ऐसा भी हुआ था जब कावेरी ने एक डेटिंग ऐप पर उनका प्रोफाइल बना दिया था। सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने बताया कि किस तरह बेटी कावेरी उन्हें डेट पर भेजा करती थीं और जबरदस्ती डेटिंग ऐप से जुड़वाया। सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने कहा, 'कुछ समय पहले मेरी बेटी कावेरी ने एक डेटिंग ऐप पर प्रोफाइल बना दिया था। चूंकि मैंने उससे वादा किया था, इसलिए मान गई। पर उससे कहा कि बच्चा ये मेरे बस की नहीं है। उसने मेरा नाम एक डेटिंग ऐप पर रजिस्टर कर दिया और मेरा प्रोफाइल बना दिया। फिर उसने मुझे कुछ डेट्स पर भेजने की जिद की। मैंने उससे कहा कि यह मैंने तुम्हारी वजह से किया और अब मैं नहीं कर सकती।' सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने बताया कि पहले डेटिंग ऐप पर उन्होंने अपनी तस्वीर लगाई थी, लेकिन जब गंदे मेसेज आने लगे तो उन्होंने तस्वीर बदल दी। 2006 में पति शेखर कपूर से तलाक होने के बाद सुचित्रा कृष्णमूर्ति एक और रिलेशनशिप में रही थीं, जो सिर्फ एक साल तक चला। करियर की बात करें तो सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने 1991 में एक मलयालम फिल्म से ऐक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। 1994 में उन्होंने शाहरुख खान स्टारर 'कभी हां कभी ना' से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने फिल्मों के अलावा टीवी सीरियलों में भी काम किया था। 2010 तक वह फिल्मों में ऐक्टिव रहीं और फिर 9 साल का ब्रेक ले लिया। सुचित्रा ने 2019 में फिल्मों में वापसी की और अब हाल ही वह कार्तिक आर्यन स्टारर 'भूल भूलैया 2' में नजर आईं। बता दें कि 'कभी हां कभी ना' और 'भूल भुलैया 2' जैसी फिल्मों में नजर आईं ऐक्ट्रेस और सिंगर सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने फिल्ममेकर शेखर कपूर से शादी की थी। दोनों की शादी 1997 में हुई और 2006 में उनका तलाक हो गया था। पति से अलग होने के बाद सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने बेटी कावेरी को खुद ही पाला और संभाला।

# छह व्यक्तियों के इर्द-गिर्द घूमती है 'फिंगरटिप 2' की कहानी

## - अभिनेत्री अपर्णा बालमुरली ने किया यह खुलासा




**चेन्नई (ईएमएस)।** मनोरंजक टेक थ्रिलर जैसी श्रृंखला बनाने के लिए बहुत साहस चाहिए जो लगातार बदलते डिजिटल स्थान से प्रभावित छह व्यक्तियों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। ये कहना है वेब सीरीज 'फिंगरटिप 2' में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अपर्णा बालमुरली का। अपर्णा बालमुरली ने कहा, "जब मुझे 'फिंगरटिप 2' का हिस्सा बनने का अवसर मिला तो मुझे काफी सही लगा, इस तरह की सीरीज बनाने के लिए किसी को बहुत साहस और साहस की आवश्यकता होती है। यह श्रृंखला वास्तविक जीवन की घटनाओं को स्क्रीन पर देखने का प्रतिबिंब होगी।" यह कहते हुए कि यह पहली बार है कि वह एक वेब श्रृंखला का हिस्सा थी, अभिनेत्री ने कहा कि निर्देशक ने कहानी को वैसे ही प्रस्तुत किया था जैसा उन्होंने सुनाया था। अभिनेत्री अपर्णा बालमुरली ने कहा, "यह श्रृंखला कुछ ऐसी होगी जिससे हर कोई निकटता से जुड़ सकता है। मैं सभी से इस श्रृंखला को देखने और इसका समर्थन करने का अनुरोध करती हूं।" ये सीरीज अरुण और जॉर्ज नांबी द्वारा निर्मित श्रृंखला, शिवाकर द्वारा निर्देशित की गई है।

# अग्निपथ योजना का विरोध करने वालों को कंगना रनौत ने सुनाई खरी-खरी

इन दिनों देश में चल रहे अग्निपथ योजना के विरोध के बीच बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत ने इस योजना का विरोध करने वालों को खरी खरी सुनाई है । कंगना रनौत ने शनिवार को अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर अग्निपथ योजना का विरोध करने वालों को लताड़ा है।अपनी पोस्ट में कंगना ने लिखा-' इजराइल जैसे कई देशों ने अपने सभी युवाओं के लिए सेना प्रशिक्षण अनिवार्य कर दी है। इसके तहत हर युवा कुछ साल के लिए सेना में भर्ती होता है और अनुशासन, राष्ट्रवाद जैसे जीवन मूल्यों को सीखता है। साथ ही यह जानने का प्रयास करता है कि अपने देश की सीमाओं की रक्षा करने के लिए इन शब्दों क्या अर्थ है। अग्निपथ का मकसद रोजगार देना या पैसा कमाने का साधन देना नहीं है। इसका अर्थ काफी गहरा है। पुराने दिनों में हर कोई गुरुकुल जाता था, यह लगभग ऐसा ही है। हालांकि, अब उन्हें ऐसा करने के लिए भुगतान भी मिलेगा। ड्रग्स और पबजी की लत की वजह से नष्ट हो रहे युवाओं को इस योजना की जरूरत है ... इसके लिए सरकार की सराहना करनी चाहिए।' सोशल मीडिया पर कंगना का यह पोस्ट वायरल हो रहा है।

# फिल्म 'शमशेरा' में रणबीर कपूर का लुक आउट!

लम्बे समय से चर्चा में बनी हुई रणबीर कपूर, संजय दत्त और वाणी कपूर की फिल्म शमशेरा इस साल जुलाई में रिलीज होने के लिए तैयार है। हाल ही में इस फिल्म का शानदार टीजर भी जारी हुआ था। वहीं अब कथित रूप से शमशेरा से रणबीर कपूर का लुक भी सामने आ गया है। इस पोस्टर में रणबीर कपूर काफी खौफनाक नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर फिल्म का पोस्टर नहीं जारी किया गया है। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि फिल्म का पोस्टर रिलीज से पहले ही लीक हो गया है। सोशल मीडिया पर फिल्म का यह पोस्टर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, संभावना जताई जा रही है कि यह आधिकारिक पोस्टर न होकर एक फैन मेड पोस्टर भी हो सकता है,जिसे रणबीर कपूर के ही किसी फैन ने बनाया हो। फिल्म शमशेरा आजादी से पहले के समय के एक डकैत की कहानी है, जिसमें लीड किरदार रणबीर कपूर निभा रहे हैं।'शमशेरा' हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगू भाषाओं में भी रिलीज की जाएगी।

# रवीना टंडन की मजबूत महिलाओं का किरदार निभाने में दिलचस्पी

## -रवीना ने किया अपनी रणनीति का खुलासा



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेत्री रवीना टंडन की पर्दे पर मजबूत महिलाओं का किरदार निभाने में ज्यादा दिलचस्पी है और हाल के दिनों में उन्होंने टाइपकास्ट होने से बचने के लिए कई पटकथाओं को खारिज कर दिया है। अभिनेत्री ने वेब सीरीज 'अरण्यक' के साथ ओटीटी की शुरूआत की। कस्तूरी डोगरा के रूप में एक शांत भूमिका के साथ उनके प्रदर्शन को समीक्षकों और दर्शकों ने समान रूप से सराहा। वेब सीरीज की सफलता के साथ-साथ व्यावसायिक रूप से सफल फिल्म 'केजीएफः अध्याय 2' के बाद वह अपने करियर को अगले स्तर पर कैसे ले जाना चाहती है, इस बारे में बात करते हुए, रवीना ने अपनी रणनीति का खुलासा किया। 'हां' कहना आसान है लेकिन आपको 'नहीं' कहने के लिए बोल्ड होना चाहिए।" वह अपनी आगामी फिल्म 'घुड़चड़ी' के लिए संजय दत्त के साथ फिर से जुड़ेंगी। एक्ट्रेस जल्द ही अपने नए प्रोजेक्ट की भी घोषणा करेंगी।रवीना ने कहा, "मेरा डिजिटल डेब्यू एक रणनीतिक कदम था। मजबूत महिला पात्रों वाली कहानियां मेरी खूबी हैं और फिल्में जो सामग्री से प्रेरित हैं, मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित करती हैं। मुझे लगभग 20 स्क्रिप्ट्स को अस्वीकार करना पड़ा, क्योंकि मैं टाइपकास्ट नहीं होना चाहती थी। मैं चाहती हूं कि दर्शक मुझे मेरी बहुमुखी प्रतिभा के लिए याद रखें।

# रोमांटिक ट्रैक 'हम नशे में तो नहीं' का संस्करण जारी

## -तुलसी कुमार द्वारा गाया गया यह 'भूल भुलैया 2' का गीत



**मुंबई (ईएमएस)।** लोकप्रिय रोमांटिक ट्रैक 'हम नशे में तो नहीं' का लोफी रीवर्ब संस्करण जारी हुआ है। यह गीत तुलसी कुमार द्वारा गाया गया 'भूल भुलैया 2' का है। हिट मशीन प्रीतम द्वारा रचित गीत अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखा गया है। तुलसी कुमार ने कहा, "'हम नशे में तो नहीं' एक सुंदर गीत है जिसने इस लोफी गायन को पूरी तरह से गाया है। सेट, वाइब, संगीत वीडियो और इसके भीतर के सभी तत्व सुपर स्वप्निल हैं और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे।" लोफी संगीत कई वर्षों से है, लेकिन हाल के दिनों में इसकी लोकप्रियता में विस्फोट हुआ है। नवीनतम गायन की व्यवस्था लिजो जॉर्ज ने की है। ट्रैक का संगीत वीडियो, सुमित बरुआ द्वारा परिकल्पित और निर्देशित, एक उत्कृष्ट पृष्ठभूमि के खिलाफ सेट किया गया है, जो वसंत की याद दिलाता है। निमार्ता भूषण कुमार ने उल्लेख किया, "'भूल भुलैया 2' का रोमांटिक ट्रैक 'हम नशे में तो नहीं' दर्शकों द्वारा बहुत अच्छी तरह से स्वीकार किया गया था। हमने तुलसी कुमार की भावपूर्ण आवाज में प्रेम गीत के इस अनप्लग, रीवरब संस्करण के साथ उन्हें आश्चर्यचकित करने का फैसला किया।" 'हम नशे में तो नहीं (लोफी रिवाइब्ड)' टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।गाने की रचना करने वाले प्रीतम ने एक बयान में कहा, "तुलसी कुमार ने अपने स्वर और सुरीली आवाज के साथ इस ट्रैक को एक विशेष गुण दिया है। आगे देखें कि दर्शक इस संस्करण पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं।"

# फिल्म 'लक्ष्य' के 18 साल पूरे




फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित फिल्म 'लक्ष्य' ने आज अपनी रिलीज के 18 साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म 18 जून , 2004 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन, अमिताभ बच्चन और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में थी। फिल्म के 18साल पूरे होने पर फरहान अख्तर ने इसका जश्न मानते हुए ट्विटर पर एक फिल्म का एनिमेटेड पोस्टर शेयर किया है और फिल्म से जुड़ी यादों को ताजा किया है। वहीं फिल्म के निमार्ता रितेश सिधवानी ने भी फिल्म का यह एनिमेटेड पोस्टर शेयर सोशल मीडिया पर शेयर किया है और भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लिखा-' लक्ष्य था, है और हमेशा रहेगा जिसने हमें एक कहानी के रूप में, फिल्म निमार्ताओं के रूप में और दर्शकों के रूप में हमारी सीमाओं से परे प्रेरित और धक्का दिया।लक्ष्य के 18 साल पूरे! भारतीय सेना का विशेष धन्यवाद जिन्होंने फिल्म बनाने के दौरान हमें सपोर्ट किया!' फिल्म 'लक्ष्य' में ऋतिक रोशन एक आर्मी अफसर की भूमिका में थे। फिल्म में उनके किरदार का नाम करण शेरगिल और अमिताभ बच्चन के किरदार का नाम सुनील दामले एवं प्रिटी जिंटा के किरदार का नाम रोमिला दत्ता था। फिल्म में बोमन ईरानी, ओमपुरी, शरद कपूर, परमीत सेठी आदि भी अहम भूमिका में थे। फिल्म की कहानी 1999 के कारगिल वॉर के बैकड्रॉप में लिखी गई थी, जिसे दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया था।

# मराठी जड़ों की ओर लौट रही राधिका आप्टे

## -सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो क्लिप



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेत्री राधिका आप्टे फिल्म 'मीडियम स्पाइसी' के साथ अपनी मराठी जड़ों की ओर लौट रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो क्लिप इशारा करता है। फिल्म में ललित प्रभाकर, साईं तम्हंकर और परना पेठे हैं। सोशल मीडिया पर लीक हुई क्लिप से पता चलता है कि ललित और राधिका एक होटल में बैठकर बातें कर रहे हैं। इसके बाद जो हुआ वह दर्शकों के मन में एक रहस्य बना देता है। सूत्रों के अनुसार, ऐसा इसलिए है क्योंकि निर्देशक मोहित टकलकर, एक प्रसिद्ध नाटककार और राधिका इससे पहले मराठी नाटकों में एक साथ काम कर चुके हैं। 'मीडियम स्पाइसी' आठ साल बाद मराठी सिनेमा में उनकी वापसी होगी। इस बीच, राधिका अपनी अगली रिलीज 'फोरेंसिक' के लिए भी तैयार हैं, जिसमें विक्रांत मैसी भी हैं, जो जी5 पर रिलीज होगी। इससे पहले राधिका मराठी फिल्म 'घो माला असला हवा', 'तुकाराम' और 'पोस्टकार्ड' में नजर आ चुकी हैं, जो 2014 में रिलीज हुई थीं।

# साईं पल्लवी ने विवादित बयान पर दी सफाई



साउथ फिल्मों की जानी मानी अभिनेत्री साईं पल्लवी हाल ही में अपने दिए गए एक बयान से विवादों में हैं। अभिनेत्री ने अपने बयान में कश्मीरी पंडितों के पलायन की तुलना गौरक्षता से की थी। इस बयान के बाद हर सोशल मीडिया पर जमकर साईं की आलोचना हो रही है। ऐसे में अब अभिनेत्री ने इस पूरे विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए एक अपना एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में साईं कहती हैं 'ऐसा पहली बार हो रहा है जब मैं आप सभी से ऐसे बात कर रही हूं। मैं आपके साथ कुछ स्पष्ट करना चाहती हूं। मैं हमेशा की तरह आज भी आपसे दिल खोलकर बात करने वाली हूं। मैं ये मानती हूं कि मैंने अपनी बात रखने में काफी समय लगा दिया है लेकिन मुझे माफ कर दीजिए। मेरी बात को गलत तरीके से पेश किया गया है। लेटेस्ट इंटरव्यू में, मैं सिर्फ इतना कहना चाहती थी कि धर्म के नाम पर कोई भी विवाद गलत चीज है। मैंने तटस्थ रहकर अपना जवाब दिया था। मैं हैरान हूं कि मेरी बातों को इस तरह दिखाया गया है। इंटरव्यू में कही गई बातें गलत तरीके से ली गई हैं।' उल्लेखनीय है हाल ही में अभिनेत्री ने कहा था कि-'कश्मीर फाइल्स में दिखाया गया है कि कैसे उस समय कश्मीरी पंडितों को मार दिया गया था। यदि आप इस मुद्दे को एक धार्मिक संघर्ष के रूप में ले रहे हैं, तो हाल ही में एक उदाहरण था जहां एक मुस्लिम पर हमला किया गया था जब वह गायों को ले जाने वाला वाहन चला रहा था, और लोगों ने जय श्री राम का जाप किया। तो फिर क्या हुआ और अब क्या हो रहा है, इसमें अंतर कहां है?' साईं के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनका जमकर विरोध होने लगा था और फैंस के बीच नाराजगी थी। वहीं अब साईं ने इस पूरे मामले में अपनी बात रखी है और अपने बात क्लीयर की है।

## सूडोकु नवताल- 6107

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्दजाल - 6854

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | अ | मे | अ | आ | स्ट्रे | लि | या | र | प | जा |
| न | ट | क | मे | इं | डो | ने | ग | ति | मा | पा |
| अ | दा | ली | रि | मा | ग | ची | द | ह | प | न |
| जी | ग | ल | का | द | न | स | न | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | क्षि | मे | ह | का | न | दे |
| ज | र्म | नी | र | व | प | ण | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | ग्रे | ला | को | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | ट | रा | रि | वि | ला |
| क | फ्रां | बा | रू | स | का | र | ब्रि | न | या | दे |
| र | स | ति | मा | न | सिं | ब्रा | स्र | टे | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | न | र |

शब्द जाल में उन देशों के नाम ढूंढिए जो ऐथेंस 2004 ओलम्पिक में प्रथम 10 स्थानों पर रहे. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अमेरिका, चीन, रूस, आस्ट्रेलिया, जापान, जर्मनी, फ्रांस, इटली, दक्षिण कोरिया, ग्रेट ब्रिटेन

### शब्दजाल - 6853 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | इं |
| रा | वि | ली | प्रे | क | न्या | स | रि | स्का | क | द्रा |
| चु | मे | ल | घा | ट | छ | मि | दु | ब | वृ | व |
| इं | का | न्हा | न | बा | वा | स | थु | ध | ष | ती |
| डि | बें | मी | ल | म | र | न | क्रो | न | वा | च |
| या | ट | न | र | रा | क | ण | ती | ण | बां | र |
| द | सिं | निं | ग | ट्रे | न | र | थं | बा | दी | स |
| क | सु | द | र | व | न | क | फ | भौ | पु | क |
| रा | म | तु | प | रा | म | स | या | औ | र | आ |
| क | गॉ | ल | प | ला | जी | कुं | भ | म | प | द |
| क | ड | क | र्क | या | मू | र्त | व्य | ब | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5807

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | 3 | | 2 |
| 5 | 33 | 7 | 35 | | 28 | |
| | | 2 | | 6 | | 5 |
| | 32 | 3 | 38 | | 32 | |
| 7 | 5 | | | 4 | 2 | 1 |
| | 33 | 1 | 31 | | 30 | 4 |
| 3 | | | 6 | | 5 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 5806 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 33 | 3 | 35 | 1 | 27 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 3 | 26 | 2 | 40 | 7 | 34 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 29 | 1 | 33 | 4 | 30 | 5 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in